दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 17 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 268 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## पाकिस्तान का कबूलनामा

### सीजफायर के लिए भारत तीसरे पक्ष के दखल पर कभी राजी नहीं हुआ

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता के दावों पर पाकिस्तान ने आखिरकार पर्दा उठाया है। विदेश मंत्री इशाक डार ने एक कार्यक्रम में खुलासा किया कि युद्धविराम का प्रस्ताव वाकई अमेरिका के रास्ते आया था, लेकिन भारत ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। डार ने स्वीकार किया कि भारत ने शुरू से ही किसी तीसरे पक्ष की दखलअंदाजी को नकार दिया, जो कश्मीर मुद्दे को द्विपक्षीय रखने की उसकी दृढ़ नीति को रेखांकित करता है। यह बयान न केवल ट्रंप के दावों को झुठलाता है, बल्कि पाकिस्तान की निराशा को भी उजागर करता है।

डार ने विस्तार से बताया कि जब पाकिस्तान ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से ट्रंप की मध्यस्थता के बारे में सवाल किया, तो रुबियो ने साफ कहा कि भारत इसे हमेशा द्विपक्षीय मामला मानता रहा है।

# दिशा की मैराथन बैठक में गाजियाबाद की समस्याओं पर हुई गंभीर चर्चा

# सांसद अतुल गर्ग ने जाम, प्रदूषण और डेंगू को बताया सबसे बड़ी चुनौती



### गंभीर विमर्श

**❝ बैठक की अध्यक्षता गाज़ियाबाद सांसद अतुल गर्ग ने की**

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद के दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक एक गंभीर विमर्श का मंच बनी। बैठक की अध्यक्षता गाज़ियाबाद सांसद अतुल गर्ग ने की। सांसद ने कहा कि गाज़ियाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता लगातार तीन बड़ी चुनौतियों से जूझ रही है–

- **बढ़ता ट्रैफिक जाम जिसने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।**
- **वायु और जल प्रदूषण जो सांस और पानी दोनों को असुरक्षित बना रहा है।**
- **और डेंगू जैसी बीमारियाँ जो रोजाना मरीजों की संख्या बढ़ा रही हैं।**

सांसद ने अधिकारियों को सख़्त लहजे में चेतावनी दी कि अब केवल योजनाओं की समीक्षा से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीन पर ठोस परिणाम दिखने चाहिए। उन्होंने कहा, जनता की समस्याओं के समाधान में देरी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में बागपत सांसद राजकुमार सांगवान, महापौर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. ममता त्यागी, विधायक संजीव शर्मा (सदर), अजीत पाल त्यागी (मुरादनगर), नंदकिशोर गुर्जर (लोनी) और धर्मेश तोमर (धौलाना) सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सांसद अतुल गर्ग की प्राथमिकताएँ



- **जाम पर अंकुश :** शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर हो रही है, तत्काल समाधान निकाला जाए।
- **प्रदूषण नियंत्रण :** लोनी क्षेत्र की जींस रंगाई फैक्ट्रियों द्वारा भूगर्भ में छोड़े जा रहे दूषित जल पर सख़्त कार्रवाई हो।
- **स्वास्थ्य अलर्ट :** डेंगू मरीज लगातार बढ़ रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग विशेष अभियान चलाकर जनता को जागरूक करे।
- **सड़क सुरक्षा :** एनएचएआई हाईवे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए साइनबोर्ड और सुधारात्मक कदम अनिवार्य हों।
- **अन्य कार्य :** दूधेश्वरनाथ मंदिर, डॉग शेल्टर और नगर निगम के लंबित कार्यों में तेजी लाई जाए।

### हाईवे और ग्रामीण मार्गों की स्थिति सुधारना बेहद जरूरी : सांसद राजकुमार सांगवान



करंट क्राइम। सांसद राजकुमार सांगवान ने कहा कि बागपत और गाज़ियाबाद की सीमाओं पर विकास कार्यों का सीधा असर दोनों जिलों की जनता पर पड़ता है। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को नियंत्रित करने और सड़कों के बेहतर रख-रखाव की मांग रखी। उन्होंने कहा कि हाईवे और ग्रामीण मार्गों की स्थिति सुधारना बेहद जरूरी है ताकि लोगों की आवाजाही में आसानी हो और सड़क हादसों में कमी आए।

### बुनियादी सुविधाओं को तेजी से जनता तक पहुंचाया जाए : महापौर सुनीता दयाल



करंट क्राइम। महापौर ने शहरी क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में जर्जर सड़कों और जलभराव की समस्या लगातार बनी हुई है। सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने, स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने और बुनियादी सेवाओं को तेजी से जनता तक पहुँचाने पर जोर दिया। उन्होंने नगर निगम के सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने की अपील भी की।

### विकास कार्यों में पारदर्शिता लाना अत्यंत आवश्यक : डॉ. ममता त्यागी



करंट क्राइम। डॉ. ममता त्यागी ने ग्रामीण अंचलों की समस्याओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्रों में पानी की टंकियों और पेयजल योजनाओं की मरम्मत-देखरेख तुरंत की जाए ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मिल सके। उन्होंने ग्रामीण सड़कों और सामुदायिक भवनों के निर्माण में तेजी लाने तथा पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य और बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले : विधायक संजीव शर्मा



करंट क्राइम। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि गाज़ियाबाद शहर के भीतरी हिस्सों में सड़कें और नालियाँ जर्जर हो चुकी हैं, जिनकी मरम्मत प्राथमिकता पर की जाए। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की जरूरत बताते हुए कहा कि शहर के हर परिवार को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य और बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए विभागों को और सक्रिय होना पड़ेगा।

### बुनियादी सुविधाएं जनता का अधिकार : विधायक अजीत पाल त्यागी



करंट क्राइम। अजीत पाल त्यागी ने कहा कि मुरादनगर क्षेत्र की आबादी बढ़ने के साथ ही सड़क और यातायात की समस्याएँ भी बढ़ी हैं। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण और नए मार्गों के निर्माण को तत्काल मंजूरी देने की मांग की। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए प्रदूषण नियंत्रण विभाग को सख़्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाने की अपील की।

### जनता की समस्याओं पर प्राथमिकता से गौर किया जाए : विधायक नंदकिशोर गुर्जर



करंट क्राइम। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए कहा कि दूषित पानी और जलभराव ने लोगों की जिंदगी मुश्किल कर दी है। उन्होंने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर प्रवेश द्वार और लोनी तिराहे पर स्काईवॉक निर्माण, साथ ही बॉर्डर से लेकर गांवों तक सड़क और नालियों की मरम्मत को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि लोनी की जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करना अब संभव नहीं है और विभागों को समयबद्ध कार्यवाही करनी होगी।

### कृषि योजनाओं में तेजी लाना अनिवार्य : विधायक धर्मेश तोमर (धौलाना)



करंट क्राइम। धर्मेश तोमर ने ग्रामीण अंचलों की समस्याओं को सामने रखते हुए कहा कि कृषि और सिंचाई से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि किसान पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी से परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं को भी दुरुस्त करने की आवश्यकता है ताकि गांवों का संतुलित विकास हो सके।

### जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से हो : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़



करंट क्राइम। जिलाधिकारी ने बैठक में सभी विभागों को योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से हो और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बैठक में उपस्थिति

बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, डीआईओ योगेंद्र प्रताप सिंह, डूडा/आवास विकास परिषद के अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम, विद्युत विभाग, जल निगम, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, खेल, सिंचाई, पर्यटन, पुलिस विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रम विभाग, कौशल विकास मिशन, उद्योग केंद्र, मंडी समिति, खनिज विभाग, पशुपालन विभाग, खेल विभाग, कृषि विभाग और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।





**सार :** दिशा बैठक में सांसद अतुल गर्ग ने गाज़ियाबाद लोकसभा क्षेत्र की तीन प्रमुख चुनौतियाँ—जाम, प्रदूषण और डेंगू—को रेखांकित किया। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएँ और विकास प्रस्ताव रखे, जिनमें सड़क निर्माण, जलनिकासी, प्रदूषण रोकथाम, स्वास्थ्य सेवाएँ और ग्रामीण-शहरी दोनों क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाएँ प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि और लगभग हर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### दिशा की बैठक में रखा सांसद ने स्कूलों के बाहर बोर्ड लगाने का सुझाव

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दिशा की बैठक में स्कूलों की फीस को लेकर नियम बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जितने भी स्कूल हैं उन सभी में यह नियम बनाया जाए कि हर स्कूल के बाहर एक बड़ा बोर्ड लगे और उस बोर्ड पर स्कूल की फीस की धनराशि लिखी जाए। उससे जुड़े नियम लिखे जाएं और यह भी लिखा जाए कि अगर स्कूल फीस संबंधी मामले में अनियमितता बरतते हैं तो इसकी शिकायत कहां पर और किससे की जा सकती है।

### बैठक में उठा कोर्ट और डॉग्स का मामला

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिशा की बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने एक बार फिर स्ट्रीट डॉग्स का मुद्दा उठाया। लगभग ढाई घंटे तक चली इस बैठक में उन्होंने स्ट्रीट डॉग्स को लेकर कहा कि इस मामले में जल्द से जल्द सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का पालन किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश दिये हैं उन्हीं के तहत व्यवस्था की जाए।

### ये जनप्रतिनिधि पहुंचे दिशा की बैठक में

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिशा की बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पहुंचे, दिशा की बैठक में मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, मेयर सुनीता दयाल, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी पहुंचीं।

### कैबिनेट मंत्री से लेकर एमएलसी नहीं पहुंचे बैठक में

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिशा की बैठक में जहां जिला पंचायत अध्यक्ष पहुंची, मेयर पहुंची, विधायक पहुंचे वहीं इस बैठक से सरकार के मंत्री दूर रहे। दिशा की बैठक में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा नहीं पहुंचे। इस बैठक में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी नहीं पहुंचे। बैठक में एमएलसी दिनेश गोयल भी नहीं पहुंचे।

# पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आज एमएमजी अस्पताल में मिलेगी आईसीयू की सौगात

## राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष पहुंचेंगे अस्पताल और इस तरह से रहेगा पूरा प्रोग्राम



**डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ से संवाद के बाद राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष मातृ शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं से संवाद करेंगे।**



**यह सौगात गाजियाबाद के उस वर्ग के लिये है जो महंगे अस्पतालों में आईसीयू का खर्च नहीं उठा सकता है। – सांसद अतुल गर्ग**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के तत्वावधान में सेवा का एक बड़ा संदेश सरकारी अस्पताल एमएमजी से निकलेगा। यहां पर सांसद अतुल गर्ग ने सीएसआर फंड के सहयोग से छह कमरों को सुपर आईसीयू कक्ष में परिवर्तित कराया है। यह एक बेहतरीन सौगात गाजियाबाद के उस वर्ग के लिये है जो आपातकाल की चिकित्सा अवस्था में महंगे अस्पतालों में आईसीयू का खर्च नहीं उठा सकता है। यहां मात्र साढ़े पांच सौ रुपए में ये सुविधा गरीब वर्ग के लिये उपलब्ध होगी।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर ये आईसीयू कक्ष जनता को समर्पित होगा। इस्का उद्घाटन करने के लिये भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष आज सुबह पौने नौ बजे नई दिल्ली के भाजपा मुख्यालय से गाजियाबाद के लिये प्रस्थान करेंगे।

बीएल संतोष को राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर राघव गर्ग रिसीव करेंगे। इसके बाद वह नौ बजकर 40 मिनट पर प्रताप विहार में पहुंचेंगे। यहां वो सेना के मैदान पर आएंगे और यहां पौधारोपण करेंगे। यह कार्यक्रम ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्र और शिक्षक भी शामिल रहेंगे। यहां पर शहर विधायक संजीव शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इसके बाद बीएल संतोष कविनगर में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के आवास पर पहुंचेंगे। यहां लगभग 20 मिनट रुकेंगे और इस दौरान नाश्ते पर जनप्रतिनिधियों से मुलाकात भी करेंगे।

इसके उपरांत बीएल संतोष एमएमजी अस्पताल के लिये रवाना होंगे। यहां वो सबसे पहले रक्तदान शिविर में पहुंचेंगे और फिर लगभग दस बजकर 45 मिनट पर बीएल संतोष एमएमजी अस्पताल में बनाए गए सेल्फ हैल्प आईसीयू यूनिट को जनता को समर्पित करेंगे।

जनता को यह सौगात समर्पित करने के बाद राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष संवाद कार्यक्रम के तहत सरकारी अस्पताल के डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ के साथ बातचीत करेंगे। इस दौरान वो कार्यकताओं से भी मुलाकात करेंगे।

### मातृ शक्ति से करेंगे बात और वार्ड का होगा निरीक्षण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ से संवाद के बाद राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष मातृ शक्ति कार्यक्रम के तहत स्वथ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं से संवाद करेंगे। इस दौरान वो जिला सरकारी अस्पताल में किसी भी वार्ड या यूनिट का निरीक्षण करेंगे।

### दिव्यांगों को मिलेंगे सहायता उपकरण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे। रक्तदान शिविर के अलावा यहां दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किये जाएंगे। विधायक अजीतपाल त्यागी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बीएल संतोष दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित करेंगे।

### ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय का बैंड करेगा स्वागत

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष जब जिला अस्पताल एमएमजी पहुंचेंगे तो यहां गेट पर ही उनका स्वागत श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय की छात्राएं करेंगी। यहां जैसे ही राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष का काफिला पहुंचेगा तो यहां श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय का बैंड अपनी धुन के साथ उनका स्वागत करेगा और फिर यही बैंड पूरे आनबान के साथ मुख्य अतिथि बीएल संतोष को कार्यक्रम स्थल पर लेकर पहुंचेगा। ये पहला मौका है जब श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय का बैंड जिला अस्पताल में स्वागत के लिये पहुंचा है।

## गाजियाबाद की बेटी नव्या महाजन ने मुंबई में लहराया परचम

# मिसेज इंडिया एशिया 2025 वेस्ट जोन का खिताब किया हासिल



**अपनी इस जीत के साथ नव्या महाजन ने यह भी साबित कर दिया है कि वह एक कहानी, एक मुस्कान और एक कदम के साथ दुनिया को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए तैयार हैं।**

**मुंबई/गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुंबई में रहने वाली गाजियाबाद की बेटी नव्या महाजन ने मिसेज इंडिया एशिया 2025 वेस्ट जोन का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया है। शिक्षा से सर्जन और पेशे से एक मार्केटर, नव्या ने यह साबित कर दिया है कि नारी शक्ति बुद्धि, कौशल और समर्पण का एक अनूठा संगम है।

'नारीत्वे हि समस्तं जगत प्रतिष्ठितम' (संपूर्ण जगत नारीत्व में ही निहित है) के सिद्धांत पर विश्वास रखने वाली नव्या, सिर्फ एक ब्यूटी क्वीन नहीं हैं, बल्कि दो बेटियों की प्रेरणादायक मां भी हैं। वह अपनी बेटियों को पितृसत्तात्मक समाज की चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त कर रही हैं, जिसे वह 'किसी मैराथन से कम नहीं' मानती हैं। नव्या को किताबें पढ़ने का बेहद शौक है; वह रोज एक किताब पढ़कर अपने ज्ञान को बढ़ाती हैं। उनका मानना है कि दुनिया को बदलने के लिए बुद्धि, हास्य और महिलाओं का आपसी सहयोग सबसे जरूरी है।

### ब्रैंड्स और इंसानों को 'ठीक' करना आता है

पेशे से एक मार्केटर होने के कारण, नव्या के बारे में यह मजाकिया तौर पर कहा जाता है कि उन्हें 'इंसानों को भी ठीक करना आता है और ब्रैंड्स को भी'। अपनी इस जीत के साथ, उन्होंने यह भी साबित कर दिया है कि वह एक कहानी, एक मुस्कान और एक कदम के साथ दुनिया को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए तैयार हैं। गाजियाबाद की इस लड़की ने मुंबई में न केवल अपनी पहचान बनाई है, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी यह जीत उन सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करने की हिम्मत रखती हैं।

# 22 सितंबर से टेट्रा पैक दूध व आइसक्रीम की कीमतों में कटौती

# मदर डेयरी का GST 2.0 के बाद ऐलान

**नईदिल्ली।** मदर डेयरी ने कहा है कि वह सरकार की ओर से वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) 2.0 में किए गए बड़े बदलावों के बाद इससे प्रभावित अपने सभी डेयरी और खाद्य उत्पादों की कीमतों में कटौती कर रही है। देश के प्रचलित डेयरी ब्रांड ने बताया है कि नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी। उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छी खबर है। मदर डेयरी ने मंगलवार को अपने उत्पादों की कीमतों को घटाने का एलान किया है। यह एलान उन उत्पादों की कीमतों से जुड़ी हैं, जिनकी कीमतें जीएसटी कानून में घोषित सुधारों के तहत 22 सितंबर से प्रभावित होने वाली हैं। जीएसटी में सुधार प्रक्रिया के तहत, जीएसटी परिषद ने पहले के चार स्लैब के बजाय अब केवल 5 और 18 प्रतिशत की दरें निर्धारित की हैं। इसके बाद 350 से अधिक वस्तुओं पर जीएसटी की दरें कम हो जाएंगी। ये नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी।

रोजाना इस्तेमाल होनेवाला पैकेटबंद दूध पहले से जीएसटी मुक्त



रोजाना इस्तेमाल होने वाला पैकेटबंद दूध जैसे फुल क्रीम दूध, टोन्ड दूध, गाय का दूध, आदि हमेशा से ही जीएसटी मुक्त रहे हैं और आगे भी इनपर कोई जीएसटी देय नहीं होगा। ऐसे में ताजा बदलावों से इनके अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश ने कहा कि डेयरी और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर जीएसटी में हालिया कटौती एक प्रगतिशील कदम है। इससे खपत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और सुरक्षित, उच्च-गुणवत्ता वाले पैकेज्ड उत्पादों को अपनाने में तेजी आएगी।

### मदर डेयरी से पहले अमूल ने किया था यह ऐलान

हम इस सुधार की भावना को ध्यान में रखते हुए, 22 सितंबर, 2025 से अपने ग्राहकों को 100% कर लाभ दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस बदलाव के साथ कंपनी का पूरा पोर्टफोलियो अब या तो छूट/शून्य या 5% के सबसे निचले स्लैब में आ गया है।

### मदर डेयरी ने कहा- जीएसटी में सुधारों के बाद प्रभावित वस्तुओं की कीमतों में होगा बदलाव

मदर डेयरी ने कहा है कि वह सरकार की ओर से वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) 2.0 में किए गए बड़े बदलावों के बाद इससे प्रभावित अपने सभी डेयरी और खाद्य उत्पादों की कीमतों में कटौती कर रही है। देश के प्रचलित डेयरी ब्रांड ने बताया है कि नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी।

### यूएचटी दूध, पनीर, घी, मक्खन और आइसक्रीम की कीमतों में होगा बदलाव

सरकार की घोषणाओं के बाद यूएचटी दूध, पनीर, घी, मक्खन, चीज और मिल्कशेक जैसे प्रमुख डेयरी उत्पादों की कीमतों में कमी होनी है। इन उत्पादों पर जीएसटी को 5–18% से घटकर 0–5% कर दी गई हैं। उदाहरण के लिए, 1 लीटर यूएचटी दूध (टेट्रा पैक) अब 77 रुपये से घटकर 75 रुपये का हो जाएगा। वहीं, 500 ग्राम मक्खन 305 रुपये से घटकर 285 रुपये का हो जाएगा। इसी तरह, मदर डेयरी की आइसक्रीम और सफल के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भी सस्ते होंगे। चोको वनीला कोन और केसर पिस्ता कुल्फी जैसी आइसक्रीम 5–10 रुपये तक सस्ती हो गई हैं। वहीं, फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज, आलू टिक्की और पैकेज्ड नारियल पानी जैसे सफल के उत्पादों की कीमतों में 5 रुपये से 15 रुपये तक की कमी आएगी। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मदर डेयरी ने कहा कि पनीर (200 ग्राम) की कीमतें 95 रुपये से घटकर 92 रुपये, घी कार्टन पैक (1 लीटर) 675 रुपये से घटकर 645 रुपये और मक्खन 100 ग्राम की कीमतें 62 रुपये से घटकर 58 रुपये हो जाएंगी।

# दून घाटी में प्रकृति का कहर: रात सोए, सुबह दिखा

## खौफनाक मंजर, घर-सड़कें बहीं, 15 जिंदगियां हुईं दफन



देहरादून और आसपास के इलाकों में सोमवार शाम से ही बारिश हो रही थी। देर रात तक बारिश की तीव्रता बढ़ी, अतिवृष्टि ने दून घाटी में हर जगह तबाही मचाई।

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में मंगलवार की रात बारिश कहर बनकर बरसी। दून घाटी के सहस्त्रधारा में बादल फटने से तबाही मच गई। यहां कई संपत्तियां नष्ट हुई और लोग लापता हो गए। कई नदियां ऊफान पर आई तो अपने साथ लोगों को बहाकर ले गईं। मालदेवता से ऊपर एक गांव में मकान गिर गया जिसमें आठ लोग दब गए। शाम तक कुल 15 लोगों के शव अलग-अलग जगहों से बरामद हुए। प्रेमनगर नंदा की चौकी के पास दशकों पुराना पुल टूट गया जिससे यातायात पूरी तरह बंद हो गया। इसके अलावा कई और छोटे-बड़े पुलों को नुकसान पहुंचा। इससे भी आवाजाही बाधित हो गई। प्रसिद्ध टपकेश्वर मंदिर और जामुनवाला स्थित एकादश हनुमान मंदिर को बड़ा नुकसान हुआ। पर्यटक स्थल गुच्चू पानी में सरकारी और निजी कई संपत्तियां पूरी व आंशिक रूप से नष्ट हो गईं। मालदेवता क्षेत्र में भी व्यापक स्तर पर नुकसान हुआ।

शाम तक बचाव दलों ने कुल 70 लोगों को अलग-अलग जगहों से सुरक्षित निकाल लिया था।



बरामद हो गए। सबसे ज्यादा जान का नुकसान झाझरा क्षेत्र में आसन नदी में हुआ। यहां खनन कार्य में लगे 16 मजदूर ट्रैक्टर समेत बह गए।

अलग-अलग जगहों से शाम तक इनमें से आठ लोगों के शव बरामद के पास टिहरी क्षेत्र को जोड़ने वाले पुल की अप्रोच रोड पानी में बह गई।

प्रसिद्ध टपकेश्वर मंदिर में कुछ साल पहले स्थापित की गई बड़ी पीतल की प्रतिमा बह गई। मंदिर के गर्भगृह तक पानी पहुंचा और शिवलिंग तक डूब गया।

शहर के बीचोंबीच डालनवाला का रिस्पना नदी से सटा इलाके में भारी नुकसान हुआ। यहां मोहिनी रोड पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया। देर रात करीब एक बजे सहस्त्रधारा क्षेत्र में बादल फट गया जिससे पानी दर्जनों इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। क्षेत्र में कुल चार लोग बह गए। इनमें से तीन के शव शाम तक कर लिए गए थे। दो लोग घायल भी हुए और छह लोग शाम तक लापता बताए गए। उधर, मालदेवता से करीब सात किलोमीटर ऊपर फुलेट गांव में एक मकान गिरने से वहां आठ लोग दब गए।

ग्रामीणों ने दो लोगों के शव तो निकाल लिए। शाम तक पुलिस और अन्य बचाव दल गांव तक पहुंचने की जद्दोजहद में लगे थे। मालदेवता

जामुनवाला स्थित एकादश मुखी हनुमान मंदिर परिसर भी आधे से ज्यादा पानी में बह गया। मुख्य मंदिर भी खतरे की जद में आ गया।

वहीं, आसन नदी में अचानक तेज बहाव में कई लोग फंस गए थे। इनमें से एक युवक वहां बिजली के खंभे पर चढ़ गया। मौके पर एनडीआरएफ की टीम पहुंची और को खंभे से उतारा।






# यूपी परिवहन विभाग का बड़ा फैसला: 2017 से लेकर 2021 तक के सभी ऑनलाइन चालान होंगे माफ, लाखों लोगों को राहत

**लखनऊ।** परिवहन विभाग के अनुसार, 2017 से 2021 के बीच कुल 30, 52,090 ई-चालान काटे गए थे। इस निर्णय से लाखों वाहन मालिकों को राहत मिली है।

यूपी के परिवहन विभाग ने बड़ा फैसला करते हुए 2017 से 2021 के बीच काटे गए लाखों ई-चालान माफ कर दिए हैं। इससे सीधे तौर पर लाखों वाहन मालिकों को राहत मिली है। (यदि मामला कोर्ट में लंबित था) और (यदि कार्यालय में लंबित था और समय-सीमा निकल चुकी है) की श्रेणी में दिखाया जाएगा। साथ ही इन चालानों से जुड़े फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर और एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) जैसे अवरोध भी स्वतः हट जाएंगे। हालांकि, टैक्स से जुड़े चालान इस राहत के दायरे से बाहर रहेंगे।



परिवहन विभाग के अनुसार, 2017 से 2021 के बीच कुल 30, 52,090 ई-चालान काटे गए थे। इनमें से 12,93,013 लंबित थे जबकि 17,59, 077 पहले ही निस्तारित हो चुके हैं। इस निर्णय के बाद अब ये ई-चालान खुद ही निरस्त हो जाएंगे। इसके साथ ही एक महीने के भीतर सभी चालानों की स्थिति पोर्टल पर अपडेट कर दी जाएगी। जहां वाहन मालिक चालान का स्टेटस देख सकेंगे।

### इसलिए लिया गया यह निर्णय

इस फैसले के तहत केवल उन्हीं चालानों को माफ किया जाएगा जो 31 दिसंबर 2021 तक कोर्ट में लंबित थे। वहीं, जो चालान कभी कोर्ट नहीं भेजे गए और अब समय-सीमा पार कर चुके हैं, उन्हें भी प्रशासनिक रूप से बंद किया जाएगा। टैक्स से जुड़े चालान, गंभीर अपराध, दुर्घटना या आईपीसी से जुड़े मामले इस राहत से बाहर रहेंगे। यह निर्णय कानून का पालन सुनिश्चित करने, जनता को अनावश्यक चालानों और ब्लॉकों से राहत देने, सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराने और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लिया गया है।

हर हफ्ते डैशबोर्ड पर दिखेगी प्रगति रिपोर्ट

30 दिनों के भीतर सभी पेंडिंग चालानों का पोर्टल पर निपटारा दिखेगा। इसके लिए हर हफ्ते एक डैशबोर्ड पर प्रगति रिपोर्ट डाली जाएगी। एनआईसी पोर्टल में जरूरी बदलाव कर रहा है ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित रहे। टैक्स से जुड़ी देनदारियां, पहले से जमा जुमार्ना और कोर्ट आदेश यथावत रहेंगे।

### ये करें वाहन मालिक

- यदि आपका चालान 2017झ 2021 का है और पोर्टल पर अभी भी लंबित या कोई ब्लॉक दिखा रहा है, तो एक महीने बाद ई-चालान/परिवहन पोर्टल पर जाकर स्थिति जांचें।
- अगर मामला कोर्ट में पेंडिंग था, तो "Disposed–Abated" दिखेगा और सभी अवरोध हट जाएंगे।
- टैक्स वाले मामलों में यह राहत लागू नहीं होगी और वे केवल टैक्स कानून के तहत ही निस्तारित होंगे।
- मदद के लिए हेल्पलाइन 149 या नजदीकी फ्ळ्ड/अफ्ळ्ड से संपर्क किया जा सकता है।

# 2047 का विजन तभी सफल, जब देश हो नशा मुक्त',

# NCB सम्मेलन में शाह बोले- युवा पीढ़ी देश की नींव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को मिटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने एएनटीएफ प्रमुखों के सम्मेलन में कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को नशे से बचाना जरूरी है। शाह ने ड्रग्स के तीन स्तर के कार्टेल पर कड़ा प्रहार करने, विदेशी तस्करों को प्रत्यर्पित करने और जब्त ड्रग्स को नष्ट करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने किया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए देश का सुरक्षित होना जरूरी है और सुरक्षा तभी संभव है जब युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से बचाया जाए। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं और यदि वे नशे की चपेट में आ जाएंगे तो देश कमजोर हो जाएगा।

**विदेशी तस्करों पर कार्रवाई :** गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग्स कारोबार में शामिल विदेश में बैठे अपराधियों को कानून के दायरे में लाना अब बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इस दिशा में अच्छा काम किया है। शाह ने सभी अठळ्ऋ प्रमुखों से अपील की कि वे सीबीआई से समन्वय कर प्रत्यर्पण की एक मजबूत व्यवस्था बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जो अपराधी जेलों में बंद हैं लेकिन वहीं से कारोबार चला रहे हैं, उनके खिलाफ भी कड़ा कदम उठाना होगा।

### ड्रग्स के खिलाफ कड़ा अभियान जरूरी

गृह मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई का पैमाना बड़ा किया जाए ताकि आने वाले दिनों में ज्यादा सफलता मिले। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में यह देखा गया है कि किसी राष्ट्र की प्रगति और ड्रग्स की चुनौती का सीधा संबंध है। दुर्भाग्य से, जिन दो क्षेत्रों से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा ड्रग्स की सप्लाई होती है, वे भारत के नजदीक हैं। इसलिए यह समय है कि हम इस खतरे के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ें।

### ड्रग्स के तीन तरह के कार्टेल

शाह ने कहा कि ड्रग्स के कारोबार में तीन तरह के कार्टेल सक्रिय हैं। पहला, वे कार्टेल जो देश के एंट्री पॉइंट्स पर काम करते हैं। दूसरा, वे जो एंट्री पॉइंट से राज्यों तक सप्लाई नेटवर्क संभालते हैं। तीसरा, वे छोटे स्तर के कार्टेल जो पान की दुकानों और मोहल्लों तक ड्रग्स बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों स्तरों पर सख्त प्रहार करना होगा और यह तभी संभव है जब अधिकारी इसे अपनी लड़ाई समझकर आगे बढ़ें।

# सीएम के गृहजनपद में भारी बवाल, पशु तस्करों ने छात्र की मुंह में गोली मारकर की हत्या, गुस्साई भीड़ ने हाइवे जाम किया





**गोरखपुर। करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में मंगलवार सुबह बवाल हो गया है। जिले में पशु तस्करों ने नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। फिर शव को गांव से बाहर फेंककर फरार हो गए। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने गोरखपुर-पिपराइच रोड पर जाम लगा दिया है।

घटना सोमवार देर रात पिपराइच थानाक्षेत्र के जंगलधूसड़ की है। बताया जाता है कि तीन गाड़ियों से पशु तस्कर गांव में पहुंचे थे। वे मवेशियों को खूंटे से खोल रहे थे, तभी गांव वालों ने शोर मचा दिया। ऐसे में नीट छात्र भी शोर मचाते हुए पीछे-पीछे दौड़ने लगा। इसके बाद तस्करों ने उसे पकड़कर डीसीएम में जबरन बैठा लिया। करीब एक घंटे तक उसे घुमाते रहे, फिर उसके मुंह में गोली मार दी।

छात्र की हत्या के बाद शव को घर से करीब 4 किलोमीटर दूर सरैया गांव में फेंक दिया गया। मृतक की पहचान दीपक गुप्ता (19) के रूप में हुई है। जानकारी मिलने पर गुस्साई भीड़ ने एक डीसीएम को पकड़ लिया और आग लगा दी, जबकि दूसरे डीसीएम में सवार तस्कर भाग निकले। इस दौरान एक तस्कर को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पीटकर अधमरा कर दिया. जबकि बीच-बचाव करने में एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव और पिपराइच थाना प्रभारी पुरुषोत्तम घायल हो गए। घटना को लेकर लोग आक्रोशित हो उठे और मंगलवार सुबह गोरखपुर-पिपराइच रोड पर जाम लगा दिया। साथ ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भी लोगों ने ईंट-पत्थर से मारकर घायल कर दिया। हालांकि इसके बाद चार थानों की फोर्स और पीएसी मौके पर पहुंची है। अधिकारी परिजनों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र को पशु तस्करी ने गाड़ी में भर लिया। फिर गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को गांव से बाहर फेंक दिया था। ग्रामीणों ने एक तस्कर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस टीम अन्य तस्करों की तलाश कर रही है।

# सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला : महाराष्ट्र में 31 जनवरी 2026 तक स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश



**महाराष्ट्र।** इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मई में महाराष्ट्र निकाय चुनाव को लेकर फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र चुनाव आयोग को निर्देश दिए थे कि वह चार सप्ताह के भीतर राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करे और चार महीने में चुनाव संपन्न कराए।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 31 जनवरी, 2026 तक राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने महाराष्ट्र के अधिकारियों को इस साल 10 अक्तूबर तक राज्य में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष न्यायालय ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि 6 मई को जारी उसके तर्कसंगत आदेश के बावजूद राज्य चुनाव आयोग इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने में विफल रहा।

तत्कालीन आदेश में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना चार सप्ताह के भीतर और चुनाव चार महीने के भीतर कराने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने अब महाराष्ट्र में स्थानीय चुनाव कराने के लिए कार्यक्रम निर्धारित करते हुए समय सीमा में और विस्तार दे दिया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस संबंध में आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

### 2021 में भी सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया था फैसला

इससे पहले दिसंबर 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि सरकार शीर्ष अदालत के 2010 के आदेश में निर्धारित ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं करती।

कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि जब तक ट्रिपल टेस्ट मानदंड पूरा नहीं हो जाता, तब तक ओबीसी सीटों को सामान्य श्रेणी की सीटों के रूप में फिर से अधिसूचित किया जाएगा। ट्रिपल टेस्ट के लिए राज्य सरकार को प्रत्येक स्थानीय निकाय में ओबीसी के पिछड़ेपन पर डेटा एकत्र करने, आयोग की सिफारिशों के आलोक में प्रत्येक स्थानीय निकाय में आरक्षण के अनुपात को निर्दिष्ट करने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन करने की आवश्यकता थी कि ऐसा आरक्षण एससी/एसटी/ओबीसी के लिए आरक्षित कुल सीटों के 50 प्रतिशत से अधिक न हो।

### 2022 में यथास्थिति बनाए रखने का दिया था निर्देश

इससे पहले 22 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग और महाराष्ट्र सरकार को स्थानीय निकायों की चुनाव प्रक्रिया के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। इससे पहले महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में शीर्ष अदालत के उस आदेश को वापस लेने की मांग की गई थी, जिसमें राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया गया था कि नई आरक्षण नीति उन 367 स्थानीय निकायों पर लागू नहीं होगी, जहां चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। इसके बाद सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर अपने आदेश को वापस लेने या उसमें संशोधन की मांग की थी।

### चुनाव आयोग को दी थी चेतावनी

शीर्ष अदालत ने 28 जुलाई 2022 को राज्य चुनाव आयोग को चेतावनी दी थी कि अगर उसने स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया को फिर से अधिसूचित किया तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले राज्य सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला अध्यादेश लेकर आई थी।

# मछली मंडी पर गिरा विशालकाय पीपल का पेड़ नीचे दबकर एक की मौत, चार घायल





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कैसरबाग में मछलीमंडी पर एक विशालकाय पीपल का पेड़ गिर गया। हादसे में एक की मौत हो गई व चार लोग घायल हो गए।

कैसरबाग में मंगलवार को मछली मंडी पर पीपल का पेड़ गिर पड़ा। घटना से वहां हड़कंप मच गया। पेड़ के नीचे दुकान में बैठे पांच लोग दब गए। पुलिसकर्मियों ने दमकलकर्मियों के साथ मिलकर घायलों को निकाला। मगर इनमें से एक की मौत हो गई।

मछली मंडी में लाला सोनकर परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे लाल के मकान में लगा भारी भरकम पीपल का पेड़ मछली मंडी पर गिर पड़ा। मंडी में जानकीपुरम निवासी रामू व अन्य चार लोग भाग न सके और पेड़ के नीचे दब गए। घटना की जानकारी दमकल और पुलिस को दी गई। लोगों ने घायलों को निकालने की कोशिश की। इस बीच पहुंचे दमकलकर्मियों ने सभी को बाहर निकाल लिया। हादसे में रामू की मौत हो गई। अन्य घायलों की पहचान की जा रही है।

### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व महापौर पहुंचीं

मामले की जानकारी पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं, कुछ देर बार महापौर सुषमा खर्कवाल भी पहुंची। मौके पर पुलिसकर्मी मौजूद हैं और पेड़ हटाने का प्रयास किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने घायलों का बलरामपुर अस्पताल में हालचाल लिया।

कैसरबाग हादसे में त्रिवेणी नगर के राम चरन के बेटे रामू (60) को मृत अवस्था में बलरामपुर इमरजेंसी में लाया गया था। डॉक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया है। वहीं, रिजवान (22), शोएब (22), अभिषेक (32) व मो. अरमान (30) अस्पताल में भर्ती हैं। खतरे से बाहर हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 17 सितंबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# कवि नगर श्री धार्मिक रामलीला विशेष : गोल्डन बूट में नजर आएंगे लंका नरेश, तो पेंटिंग के जादूगर हैं पवनसुत हनुमान

गौरव शशि नारायण

## मिस सहारनपुर बनी हैं मां सीता और एनसीआर के बेस्ट राम राजीव राज गुप्ता निभा रहे हैं किरदार

## 70 से अधिक रामलीला कलाकारों की मंडली प्रस्तुत करेगी कवि नगर की रामलीला



ललित जायसवाल
रामलीला कमेटी अध्यक्ष







**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** कवि नगर रामलीला मैदान में श्री धार्मिक रामलीला समिति की ओर से आयोजित होने वाले रामलीला महोत्सव 2025 में इस बार दिल्ली का मशहूर संस्कृति थिएटर ग्रुप की टीम रामलीला का पूरा मंचन करने वाली है। इस टीम को भगवान राम के अलग-अलग किरदार निभाने से लेकर लंका दहन और लंका के राजा रावण के वध का बिल्कुल सजीव मंचन प्रतिदिन 3 घंटे में किया जाएगा ।रामलीला के इस मंच पर वैसे तो दर्जनों कलाकार अपनी प्रस्तुति से दर्शकों और रामलीला मैदान में उपस्थित भीड़ को भगवान राम और लंका के राजा रावण की कहानी का लाइव नजारा प्रस्तुत करेंगे ,लेकिन कुछ कलाकार ऐसे हैं जिनकी अपनी अलग पहचान ,खासियत और एक्टिंग स्टाइल है। कवि नगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले रामलीला महोत्सव को इस बार हनुमान की भूमिका निभाने वाले दीपक सैनी, तो भगवान श्री राम का किरदार निभा रहे राजीव राज गुप्ता और लंका के राजा रावण की भूमिका निभा रहे अंशुल सिंह और मां सीता के किरदार में अनुष्का यादव और लक्ष्मण का रोल मनीष पांडे निभाने वाले हैं। यह सभी मंझे हुए कलाकार होने के साथ दिल्ली-एनसीआर में रामलीला के मंचन के कई खिताब जीत चुके हैं। तो वहीं इनका अभिनय मंच से ऐसा नजर आएगा मानो आप किसी रामलीला के मंचन की फिल्म देख रहे हों। कवि नगर रामलीला मैदान में 20 सितंबर से लेकर 02 अक्टूबर तक रामलीला का प्रतिदिन संपूर्ण मंचन होगा। जिसे यह कलाकार केवल तीन घंटे के दौरान संपूर्ण रामलीला के रूप में प्रदर्शित करने का काम करेंगे।

### पेंटिंग में माहिर हैं कवि नगर रामलीला के हनुमान दीपक सैनी



करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला को खास और दिल्ली-एनसीआर में विशेष स्थान पर रखा जाता है। यहां के कलाकार अपनी अभिनय की कला से सभी को मोहित कर लेते हैं। रामलीला के मंच पर वैसे तो दर्जनों कलाकार होते हैं लेकिन अगर किसी एक खास किरदार की बात की जाए, तो वह होते हैं भगवान श्री हनुमान। इनकी छाती पर भगवान राम और मां सीता की तस्वीर रहती है। तो शरीर का वजन और गदा उठाने की स्टाइल इन्हें टीवी के हनुमान से मिला देती है। दिल्ली के दीपक सैनी बीते 10 सालों से अलग-अलग रामलीलाओं में भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे हैं, यह पेंटिंग के खास जानकार हैं। उनकी कई पेंटिंग अलग-अलग प्रदर्शनी में भी जाती हैं। तो वहीं यह आर्ट्स के टीचर के रूप में युवाओं की अगली पीढ़ी को भगवान राम के आदर्श और रामायण की गाथा भी सुनने का काम कर रहे हैं। दीपक सैनी बताते हैं की पेंटिंग ने उनको पहचान दी, तो हनुमान का किरदार निभाते निभाते वह हनुमान के नाम से पहचान बना चुके हैं।

### यह राम हैं बेहद खास, एमबीए की डिग्री है इनके पास




करंट क्राइम : रामलीला का दरबार सजता है, तो सबसे पहले भगवान श्री राम की पूजा होती है। उनका नाम लिया जाता है, उनका जय घोष होता है। तो उनके ही नाम की जय जयकार होती है। कवि नगर में आयोजित होने वाली रामलीला को भगवान श्री राम के किरदार निभाने वाले राजीव राज गुप्ता न सिर्फ अहम भूमिका निभा रहे हैं बल्कि वह संस्कृति थिएटर ग्रुप के संचालक और प्रमुख के रूप में भी अपना योगदान देते हैं। वह बीते 10 सालों में तीन बार दिल्ली -एनसीआर के श्रेष्ठ राम का पुरस्कार जीत चुके हैं। तो राजीव बताते हैं कि वह रामलीला में भगवान श्री राम के किरदार के साथ ही भगवान विष्णु और श्री कृष्ण की भूमिका में भी नजर आते हैं। उनके अभिनय को दर्शक मंच से देखते हैं, तो यह अंदाज लगाना मुश्किल हो जाता है कि राजीव राज गुप्ता कब राम बन जाते हैं, कब उनकी वेशभूषा भगवान विष्णु वाली हो जाती है। राजीव राज गुप्ता बताते हैं कि वह बीते लगभग 15 से अधिक सालों से अलग अलग स्थान पर रामलीला कर रहे हैं। वह रामलीला के अधिकांश किरदार निभा चुके हैं। बचपन से उनकी तमन्ना थी कि वह टीवी या बड़े पर्दे पर नजर आए । तो उन्होंने रामलीला का मंच चुना और अब रामलीला कवि नगर के मैदान में लगने वाली रामलीला में वह भगवान श्री राम की भूमिका को निभाते हैं। रामलीला के अलावा वह एमबीए की पढ़ाई किए हुए हैं और कई टेलीफिल्म , विज्ञापन और शॉर्ट फिल्म में अपने किरदार के जरिए अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं।



### गोल्डन बूट और कवच से लैस रहते हैं लंका के रावण अंशुल सिंह

करंट क्राइम : रामलीला के मंच पर भगवान श्री राम और हनुमान के बाद अगर सबसे ज्यादा दर्शकों और लोगों की निगाहें रहती हैं, तो वह लंका के राजा और अपनी मूंछो और भारी भरकम आवाज के साथ ही दहाड़ जैसी हंसी से सबको आकर्षित करने वाले लंका के राजा रावण होते हैं। कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला में संस्कृति थिएटर ग्रुप के कलाकार अंशुल सिंह रावण की भूमिका बीते कई सालों से निभा रहे हैं। वह तीन बार दिल्ली-एनसीआर में रावण का किरदार निभाने के मामले में कई संस्थाओं से पुरस्कृत किए जा चुके हैं। अंशुल सिंह बताते हैं कि वह बीते 14 सालों से रामलीला में रावण का किरदार निभा रहे हैं। बच्चे हो या बड़े उनकी हंसी और डायलॉग को सुनकर फिल्मी रावण को उनमें खोजने लगते हैं। खास बात यह है कि रावण का रोल निभाने के लिए अंशुल प्रतिदिन कई घंटे मेकअप रूम में तैयारी करते हैं। तो उनकी पूरी सजावट में भी घंटो का समय लगता है। उनके गोल्डन बूट और छाती पर सोने का चमकता कवच उन्हें सोने की लंका का राजा दशार्ता है।

### मिस सहारनपुर रह चुकी अनुष्का बनी हैं सीता माता



करंट क्राइम : जहां रामलीला के मंच पर भगवान श्री राम का जिक्र होगा, तो सीता माता का जिक्र भी होना ही है। कवि नगर रामलीला की इस मंडली में मिस सहारनपुर रह चुकी अनुष्का यादव भी इस बार नजर आने वाली हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय से आर्ट्स में पढ़ाई कर रही अनुष्का यादव बताती हैं कि वह बचपन से ही टीवी के विज्ञापन और सीरियल देखकर अभिनय करने लगती थी। बड़ी हुई तो उन्होंने मॉडलिंग की और वह मिस सहारनपुर रह चुकी है लेकिन कलाकार की असली पहचान तो बड़े मंच और रामलीला जैसे विशाल आयोजनों में ही होती है, इसीलिए वह बीते कई सालों से रामलीला कर रही है और उन्हें मां सीता के रोल में महत्वपूर्ण स्थान देने का काम किया है संस्कृति थिएटर ग्रुप के निदेशक राजीव राज गुप्ता ने जो भगवान राम का भी किरदार निभाते हैं। अनुष्का ने कहा है कि कवि नगर रामलीला के बारे में उन्होंने बहुत सुना है और इस बार उनको यहां अभिनय करने का अवसर मिला है , यह भी भगवान श्री राम की कृपा से हो रहा है।

### बैंक में नौकरी करते हैं रामलीला के लक्ष्मण मनीष पांडे, वेट है 64 केजी



करंट क्राइम : जहां भगवान श्री राम और माता सीता का जिक्र होगा , तो भगवान राम के प्रिय भाई लक्ष्मण तो साथ-साथ साये की तरह मौजूद ही रहेंगे। कवि नगर की श्री धार्मिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित संस्कृति थिएटर ग्रुप की टीम में लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले मनीष पांडे का वजन 64 किलो है। वह बीए की पढ़ाई किए हुए हैं और एक निजी बैंक में नौकरी करते हैं । नौकरी शाम छह बजे खत्म होती है, तो उसके बाद वह रामलीला के लिए रोजाना रिहर्सल करते हैं और भगवान राम के साथ कंधे से कंधा और माता सीता के चरणों में ध्यान लगाकर ऐसा विनय करते हैं कि उनकी प्रस्तुति और अदाकारी जो मंच पर देखता है उनके आंसू निकल आते हैं।

### रामलीला की यह टीम बना देती है मंचन और अभिनय को खास

कार्यभार एवं सहयोगी दल

**बैक स्टेज टीम :** सचिन, ब्रिजेश, राहुल, पूजा, नीतू, पुरू, सुमित, रूचि, तरूण, अल्पना, मनोज, मधु, दीपाली।

**पुरुष पात्र वेषभूषा :** गुरु श्री प्रभाष कुमार मोहंती व पतितपावन कला निकेतन, प्रकाश चंद्र, प्रहलाद आर्या।

**स्त्री पात्र वेषभूषा :** पद्मावती गुप्ता, निशा गुप्ता, ज्योति रजावत, मोहिता कबटियाल, मोहिनी, गायत्री सैनी।

**रूप सज्जा :** सुनील बडोनी ग्रुप, कुमकुम जैन, रंजीत सिंह, सुनीता सिंह, संजू, विकास, मंजू, ममता।

**केश सज्जा :** निकिता भार्गव।

**टैटू आर्ट :** राहुल, दीपक, राजू, विभोर।

**साउंड एवं लाइट :** आईरिस क्रियेशन, गाजियाबाद।

**लाइट डिजाइन :** अतुल मिश्रा।

**लाइट सहायक :** नितिन ध्यानी।

**ट्रांसपोर्ट :** विनोद यादव, अंकित यादव।

पोस्टर व ब्रॉशर डिजाइन : केशव सुखरावा, राज।

**स्क्रिप्ट व प्रिंटिंग :** मनीष पाण्डे, दीपक सैनी, ब्रिजेश गुप्ता।

-----

**रामलीला नाट्य मंचन :** संस्कृति थियेटर ग्रुप, नई दिल्ली

**निर्देशन एवं संरचना :** राजीव राज गुप्ता

# गाजियाबाद में अपराधों का सप्ताह : हत्या, अपहरण, फिरौती, यौन शोषण से लेकर पुलिस पर हमले तक

साप्ताहिक रिपोर्ट

> पुलिस ने यह संदेश देने की कोशिश की कि कानून से बचना आसान नहीं है



**गाजियाबाद, करंटक्राइम।** पिछले हफ़्ते गाजियाबाद जिले में अपराध की कई बड़ी घटनाओं ने पुलिस-प्रशासन को चौकन्ना कर दिया। हत्या, अपहरण, साइबर ठगी, जातीय संघर्ष और पुलिस पर हमले जैसी वारदातों के बीच पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई मामलों का खुलासा किया। आरोपियों की गिरफ्तारी, नकदी बरामदगी और गिरोहों का पदार्फाश कर पुलिस ने यह संदेश देने की कोशिश की कि कानून से बचना आसान नहीं है।

### किशोर की हत्या का खुलासा: दो गिरफ्तार, एक फरार

करंट क्राइम। शालीमार गार्डन इलाके में 17 वर्षीय किशोर की हत्या के मामले ने सनसनी फैला दी थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अभी फरार है। जांच अउढ शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह की देखरेख में हो रही है।

### अपहरण और फिरौती का मामला: पुलिस जांच में जुटी

करंट क्राइम। आईपीईएम कॉलेज के पास मयंक मिश्रा को तीन बदमाशों ने कार में बंधक बना लिया और वीडियो कॉल से परिजनों से फिरौती मांगी। इसके बाद घर से मूल्यवान सामान लूट लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मामला दर्ज किया और खुलासा करते हुए बताया कि बदमाश संगठित तरीके से अपहरण और लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपियों की तलाश जारी है।

### टैक्सी ड्राइवर ने किया कॉन्स्टेबल पर हमला: तत्काल गिरफ्तारी



करंट क्राइम। इंदिरापुरम में गलत साइड से गाड़ी चलाने पर रोके जाने पर ओला कैब चालक गौरव चौधरी ने ट्रैफिक कॉन्स्टेबल पर पत्थर से हमला कर दिया। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को पकड़कर खुलासा किया कि आरोपी पहले भी ट्रैफिक नियम तोड़ चुका है। उस पर हमला करने और शांति भंग करने की धाराओं में केस दर्ज हुआ।

### मसूरी में जातीय संघर्ष : 26 नामजद, 7 गिरफ्तार



करंट क्राइम। मसूरी गांव में दो गुटों के बीच झगड़ा जातीय संघर्ष में बदल गया। पत्थरबाजी और झड़प में माहौल बिगड़ा। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 26 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है और 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रण में लिया गया।

### फिल्म निर्देशक पर यौन शोषण का मामला, आरोपी हिरासत में



करंट क्राइम। शालीमार गार्डन थाने में एक दलित महिला की तहरीर पर हरियाणवी अभिनेता-निर्देशक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। महिला ने आरोप लगाया कि 2020 से 2023 तक विवाह का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया गया। पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को अमरोहा स्थित फार्महाउस से हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

### बैंक अकाउंट बेचने वाला गिरोह बेनकाब: 25 लाख रुपए बरामद



करंट क्राइम। एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने इंदिरापुरम इलाके से एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया जो बैंक अकाउंट बेचकर और नकदी बदलने की आड़ में साइबर ठगी करता था। पुलिस ने छापेमारी कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया और 25.6 लाख रुपए नकद, मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद किया। खुलासे में सामने आया कि गिरोह का सरगना एक 12वीं पास युवक था।

### पुलिस का दावा: अपराध पर सख्ती जारी

करंट क्राइम। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने इस हफ्ते अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर कई मामलों का खुलासा किया। थाना प्रभारी, एसीपी स्तर के अधिकारी और एसटीएफ की टीमें लगातार सक्रिय रही। पुलिस ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# दिशा की बैठक में कुछ इस तरह बदलती रही शहर विधायक संजीव शर्मा की चेयर की दिशा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में सारा झगड़ा ही चेयर का होता और नेता वही होता जो चेयर की केयर करता है। दिशा वाली बैठक में चेयर का किस्सा चचाओं में रहा। दिशा वाली बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पहुंचे और बैठक शुरू हुई। इसी दौरान शहर विधायक संजीव शर्मा बैठक हॉल में दाखिल हुए तो यहां उनके नाम की कुर्सी ही नहीं थी। अब कहां चूक हुई कहा नहीं जा सकता, लेकिन संजीव शर्मा जब अपने बैठने का स्थान देख रहे थे तो यहां उनके साथी विधायक अजीतपाल त्यागी और धर्मेश तोमर ने उन्हें मेयर वाली चेयर की तरफ इशारा करते हुए बैठने के लिये कहा। शहर विधायक संजीव शर्मा ने यहां सियासी नैतिकता का पालन किया और उन्होंने मेयर वाली चेयर पर बैठने से थोड़ा परहेज किया। यहां पर कुर्सी का सिस्टम कुछ ऐसा था कि दिशा बैठक की अध्यक्षता करने वाले सांसद अतुल गर्ग के लेफ्ट में अधिकारी की कुर्सी थी और राइट में जनप्रतिनिधियों की कुर्सी थी।

सांसद अतुल गर्ग के ठीक बराबर में जो चेयर रखी गई थी वो मेयर सुनीता दयाल के लिये थी और लेफ्ट में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता बसंत त्यागी की कुर्सी थी। मीटिंग शुरू हो गई थी और मेयर सुनीता दयाल नहीं पहुंची थी। इसी बीच शहर विधायक संजीव शर्मा अपने नाम की कुर्सी देख रहे थे और जब दोनों विधायकों ने उन्हें बैठने के लिये कहा तो उन्होंने थोड़ा सा परहेज किया। इसी बीच सांसद अतुल गर्ग की निगाह उन पर पड़ी तो सांसद अतुल गर्ग ने शहर विधायक संजीव शर्मा को इशारा किया और कुर्सी पर बैठने के लिये कहा। शहर विधायक संजीव शर्मा ने सांसद अतुल गर्ग का ये निमंत्रण स्वीकार किया। तब तक विधायक धर्मेश तोमर और विधायक अजीतपाल त्यागी भी शहर विधायक संजीव शर्मा से कह चुके थे कि जब तक मेयर नहीं आती हैं तब तक आप बैठ लीजिये। देखने वालों ने देखा कि विधायक संजीव शर्मा कुर्सी पर बैठ तो गए, लेकिन वो सहज फील नहीं कर रहे थे।

इसी बीच सांसद अतुल गर्ग ने अफसरों से कहा कि यह पता कर लें कि मेयर आ रही हैं या नहीं, तो बैठक शुरू करें। तभी निगम के एक अधिकारी ने मेयर को फोन मिला दिया और उधर से पता चला कि मेयर आ रही हैं। इसके बाद विधायक संजीव शर्मा ने अपने लिये दूसरी कुर्सी मंगाई और वो उस पर बैठे। कुर्सी पकड़ने और कुर्सी छोड़ने का ये अंदाज सुर्खियों में रहा और दिशा की बैठक में शहर विधायक संजीव शर्मा की कुर्सी की दिशा इस तरह से बदलती रही।

## संपादकीय

# वक्फ कानून पर आशंकाएं दूर होंगी

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर रोक नहीं लगाई, लेकिन उसके कुछ प्रावधानों में संशोधन किया है या उन्हें रोका है। शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह तार्किक है, जिसमें संतुलन का पूरा ध्यान रखा गया है। उम्मीद है कि इस फैसले से वे आशंकाएं दूर हो जाएंगी, जो इस नए कानून को लेकर जताई जा रही थीं।

संविधान के अनुरूप सुप्रीम कोर्ट की ओर से किए गए संशोधन महत्वपूर्ण और जरूरी हैं। इनमें संविधान की भावनाओं का ख्याल रखा गया है। एक अहम संशोधन यह है कि शीर्ष अदालत ने वक्फ संपत्ति जांच के प्रावधानों पर आंशिक रूप से रोक लगा दी। नामित अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ही किसी प्रॉपर्टी को गैर-वक्फ नहीं माना जा सकता। शक्ति का संतुलन अदालत ने संपत्ति अधिकार तय करने की ताकत जिलाधिकारी को देने को संविधान में की गई व्यवस्था-शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ माना। यह व्यवस्था इसलिए की गई है, ताकि लोकतंत्र के तीनों अहम अंगों-विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन बना रहे। एक पक्ष की ओर पलड़े का थोड़ा भी झुकाव व्यवस्था के संतुलन को बिगाड़ देगा। किसी एक ही अंग में सारी शक्तियां इसलिए भी निहित नहीं हैं, ताकि उसे निरंकुश होने से रोका जा सके। संवेदनशीलता की जरूरत इसी तरह, वक्फ करने के लिए न्यूनतम 5 बरसों तक इस्लाम का अनुयायी होने के प्रावधान पर तब तक रोक रहेगी, जब तक राज्य सरकारें इसके सत्यापन के लिए नियम नहीं बना लेतीं। देश में धर्म व्यक्तिगत मामला है और यह जरूरी नहीं कि कोई नागरिक अपनी धार्मिक पहचान का सार्वजनिक प्रदर्शन करे। तो यह तय करना कि कोई किसी धर्म को कब से मान रहा है, बेहद जटिल है। राज्य सरकारों से उम्मीद है कि इस बारे में नियम बनाते समय वे सभी पहलुओं का ध्यान रखेंगी और ज्यादा संवेदनशीलता बरतेंगी। जिम्मेदारी भरा निर्णय वक्फ संशोधन अधिनियम के कई बिंदुओं पर विपक्ष को गहरी आपत्ति थी। इसे लेकर दोनों सदनों में और सड़क पर भी काफी हंगामा हुआ। इस मामले की गंभीरता और उसके असर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट का फैसला जिम्मेदारी भरा है। याचिका में पूरे कानून को रद्द करने की मांग की गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे नहीं माना। इस तरह के कदम बेहद दुर्लभ मामलों में उठाए जाते हैं और इनका प्रभाव बहुत व्यापक होता है। इस मायने में सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक विवेक का इस्तेमाल किया, और यह भी ध्यान रखा कि विधायिका के साथ सीमाओं का अतिक्रमण न हो।

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंद्रधनुष रंगावली का क्रम लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नीलिगो, बैंगनी है।
- इंद्रधनुष न केवल बारिश में देखा जा सकता है बल्कि धुंध, स्प्रे, कोहरे और ओस में भी देखा जा सकता है, जब भी हवा में पानी गिरता है और दाएं कोण पर पीछे से चमकता हुआ प्रकाश होता है।
- अधिकांश इंद्रधनुष प्राथमिक इंद्रधनुष होते हैं, बाहरी किनारे पर लाल और भीतरी किनारे पर बैंगनी।
- यदि एक डबल इंद्रधनुष है तो दुसरे वाले के रंग प्राथमिक या पहली इंद्रधनुष के विपरीत क्रम में होते हैं।
- एक चंद्र इंद्रधनुष या चंद्रधनुष देखने के लिए, चंद्रमा केवल पूर्ण ही नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सूर्योदय से 2 से 3 घंटे के भीतर आकाश में 42 डिग्री से भी कम होना चाहिए, और निश्चित रूप से, बारिश बिल्कुल उस सटीक पल पर चंद्रमा के विपरीत होनी चाहिए।
- बहुत ही दुर्लभ अवसरों पर एक तीसरा और चौथा इंद्रधनुष भी हो सकता है।
- कुछ इंद्रधनुष में केवल एक रंग होता है और इसे 'मोनोक्रोम इंद्रधनुष' कहा जाता है।

## राशिफल

**मेष:** तनाव से बचने के लिए आज अपना कीमती समय बच्चों के साथ बिताएँ। आप बच्चों को ठीक करने की शक्ति महसूस करेंगे।

**वृष:** आज आपके सभी सोचे हुए काम पूरे होंगे। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद हो सकती हैं। शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मिथुन:** आज आप आत्मविश्वास से भरे होंगे। लेकिन क्रोध की अधिकता भी रहेगी। पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**कर्क:** ऑफिस का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। कुछ लोग जितना कर सकते हैं उससे अधिक करने का वादा करते हैं।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है।

**कन्या:** निजी मामलों से दूर रहें। कोई नया काम शुरू न करें, अच्छे समय का इंतजार करें। व्यापार से संबंधित यात्रा होगी। ऐसी यात्रा पर काफी पैसा खर्च हो सकता है।

**तुला:** आज आप दुविधा की स्थिति में खुद को असमंजस की स्थिति में पाएंगे। बैंक से जुड़े लेन-देन में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है।

**वृश्चिक:** आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु:** नौकरी और व्यवसाय की स्थिति अच्छी रहेगी। प्रतियोगिता में सफलता और रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। किसी कार्य के पूर्ण होने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

**मकर:** आपका कठोर व्यवहार आपके जीवनसाथी के साथ आपके संबंधों में तनाव ला सकता है। ऐसा कोई भी काम करने से पहले उसके अंजाम के बारे में सोच लें।

**कुंभ:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। साथ ही आपको व्यापार में भी धन की प्राप्ति होगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मीन:** आज आपको पद प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। आप किसी भी बीमारी से छुटकारा पा सकते हैं। मित्रों या जीवन साथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा, निफ्टी 25200 के पार

**नई दिल्ली।** मंगलवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 594.95 अंक उछलकर 82,380.69 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 169.90 अंक की बढ़त के साथ 25,239.10 पर बंद हुआ।




हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत का उछाल हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 594.95 अंक या 0.73 प्रतिशत उछलकर 82,380.69 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 169.90 अंक या 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,239.10 पर आ गया।

# सरकार ने कहा- 20 साल या अधिक की सेवा के बाद वीआरएस लेने वाले कर्मचारी आनुपातिक आधार पर पेंशन के हकदार

**नई दिल्ली।** कार्मिक मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि हाल ही में अधिसूचित नियमों के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारी 20 साल या उससे अधिक की सेवा पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुनने पर एक सुनिश्चित भुगतान यानी पेंशन पाने के हकदार हैं।




**25 वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद ही मिलेगी सुनिश्चित भुगतान की सुविधा**

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एकीकृत पेंशन योजना के तहत पूर्ण सुनिश्चित भुगतान 25 वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद ही उपलब्ध होता है। हालांकि, 20 वर्ष या उससे अधिक की सेवा पूरी करने के बाद वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना) चुनने पर, आनुपातिक आधार पर सुनिश्चित भुगतान अर्थात अर्हक सेवा के वर्ष को सुनिश्चित भुगतान के 25 से विभाजित करके ग्राहक को भुगतान किया जाएगा।

**रिटायरमेंट की तारीख से देय होगी राशि**


मंत्रालय ने कहा है कि यह भुगतान सेवानिवृत्ति की तिथि से देय होगा।

### 2 सितंबर को पेंशन व पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने जारी किया राजपत्र

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने 2 सितंबर को आधिकारिक राजपत्र में केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का कार्यान्वयन) नियम, 2025 को अधिसूचित किया है। इससे एनपीएस के तहत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में चुनने वाले केंद्र सरकार के कर्मियों को मिलने वाले लाभ से जुड़े सेवा मामलों को विनियमित किया जा सकेगा। ये नियम अन्य बातों के साथ-साथ यूपीएस उपभोक्ताओं को 20 वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प देते हैं।

# सोना 119 रुपये बढ़कर 110298 प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत मंगलावर को 119 रुपये बढ़कर 1,10,298 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई। विशेषज्ञों के अनुसार, सोने की कीमतों में तेजी बनी रही, क्योंकि व्यापारियों ने 17 सितंबर को फेड द्वारा नीतिगत निर्णय में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद जताई थी। घरेलू वायदा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 119 रुपये बढ़कर 1,10,298 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई। मजबूत वैश्विक संकेतों के कारण निवेशकों ने इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलीवरी वाले सोना वायदा अनुबंध का भाव 0.10 प्रतिशत बढ़ा। पिछले सत्र में यह अनुबंध 1,10,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर को छू गया था। इसी प्रकार, एमसीएक्स पर दिसंबर अनुबंध 109 रुपये बढ़कर 1,11,346 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। यह सोमवार को 1,11,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया था। व्यापारियों को फेड के फैसलों से थी उम्मीद विशेषज्ञों के अनुसार, सोने की कीमतों में तेजी बनी रही, क्योंकि व्यापारियों ने 17 सितंबर को फेड द्वारा नीतिगत निर्णय में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद जताई थी।



## चुटकुले

नहीं जा पाया आज मंदिर
तो घर में ही माँ के पैर दबा लिए
माँ की ममता भावनाओ में बह निकली,
जमा के 2 लात दी और बोली-
या तो तू ठीक से पैर दबा ले या फिर
मोबाइल चला ले।

---

एक देहाती पेंटिंग खरीदने गया-
सेल्समैन: यह 10 हजार रुपये की है।
आईल पेंट से बनी हुई है।
देहाती: पैसों की चिंता मत कर।
देसी घी में कुछ दिखा!

---

रिसर्च से पता चला है कि दुनिया की आधी पॉलीथीन
भारतीय महिलाओं ने
बेड के गद्दों के नीचे छुपा रखी है!

# 17 09 2025 करंट क्राइम

## सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं


# आज के जन्मदिन



नरेन्द्र मोदी (प्रधानमंत्री, भारत)



पूर्वी | आर्यमन उपाध्याय | डा. प्राची यश गुमास्ता | नीरू शर्मा



गीतिका नारंग | संतोष तोमर | विभूति चौधरी | गीता सिंह | मुस्कान



लव्या कागरा | महिमा | शुभम त्यागी | साबिर मलिक | माही यादव




रोबिन सिंह तोमर | मोनू शर्मा | प्रिंस शर्मा | प्रतीक पंवार | आसिफ चौधरी



गौरव पंडित | सौरभ पंडित | शाद हुसैन | संजय तितौरिया | तनुज शर्मा



विवेक चौहान | अर्पण गोयल | गौरव पंडित | सुहेल कुरेशी | शुभम गुप्ता



अवधेश कौशिक | धर्म दत्त शर्मा | अमरदीप शर्मा | अनुज त्यागी | आशीष त्यागी



अंकुर चौधरी | प्रदीप सिंह | तमन्ने सिद्दीकी | राहुल आत्रद | अंकित वर्मा



राजीव शर्मा | संकेत दर्पन | बृजेश सिंह | त्रिभुवन सिसोदिया



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# राजनगर एक्सटेंशन को नूर नगर से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य फिर शुरू





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने राजनगर एक्सटेंशन की बंधा रोड को नूर नगर से जोड़ने वाली 18 और 24 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य फिर से शुरू कर दिया है। बारिश के कारण रुका हुआ यह काम अब तेजी से किया जा रहा है, जिससे जल्द ही क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलने की उम्मीद है।

जीडीए के उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के निर्देश पर, प्राधिकरण के अभियंत्रण अनुभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को काम समय पर पूरा करने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

इस परियोजना पर लगभग 42 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिसमें से 32 करोड़ रुपये किसानों को मुआवजे के रूप में दिए जाएंगे। जीडीए ने जमीन का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार पर वर्तमान सर्किल रेट के दोगुने मूल्य पर किया है। अब तक लगभग 17.5 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। यह पहला ऐसा गांव है जहाँ सड़क निर्माण के लिए 100% किसानों ने अपनी सहमति दी है। परियोजना के तहत, 18 मीटर चौड़ी सड़क लगभग 750 मीटर लंबी और 24 मीटर चौड़ी सड़क लगभग 350 मीटर लंबी होगी। जीडीए को उम्मीद है कि अगले 4 महीने में यह काम पूरा हो जाएगा और वाहन इस रोड पर फर्राटा भर सकेंगे।

इस सड़क के बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र का सुनियोजित विकास भी होगा। सड़क निर्माण से प्राप्त राजस्व का उपयोग जीडीए अन्य विकास कार्यों जैसे हम तुम रोड, प्रस्तावित कमिश्नरेट सड़क और सिकरोड जैसे मार्गों पर भी करेगा।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता नरेंद्र चौहान के पिताजी को दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र चौहान के पिता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। करहैरा स्थित नरेंद्र चौहान के मकान में पहुंच कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने नरेंद्र चौहान एवं उनके परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदन आप व्यक्त की इससे पहले हिंडन एयरपोर्ट पहुंचने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डसना और महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व में का कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया इस मौके पर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व एमएलसी हरेंद्र अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष अश्वनी त्यागी, हरिओम गुप्ता, सुशील शर्मा, बिजेंद्र यादव, विनीत त्यागी, लोकेश चौधरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पार्षद हिमांशु शर्मा ने जर्जर स्कूल की मरम्मत के लिए निगम को दिया पत्र






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 75 के लाजपत नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय की बदहाल स्थिति को लेकर अभिभावकों में गहरा रोष है। स्कूल में बने कई कमरों का लेंटर काफी कमजोर हो चुका है और प्लास्टर जगह-जगह से झड़ने लगा है। इससे बच्चों की सुरक्षा पर संकट मंडरा रहा है। अभिभावकों की शिकायत पर स्थानीय पार्षद ने स्कूल की बदहाल स्थिति का संज्ञान लिया और नगर निगम को पत्र लिखकर तत्काल मरम्मत की मांग की है। साथ ही, विद्यालय में पानी की कमी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे बच्चों और शिक्षकों दोनों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय पार्षद हिमांशु शर्मा ने बताया कि उन्होंने केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा व नगर निगम को पत्र लिखकर मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होने बताया की विद्यालय की इमारत जर्जर हालत में है और यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। अभिभावकों का कहना है कि कई बार इस समस्या की ओर ध्यान दिलाया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अब उन्हें उम्मीद है कि पार्षद के हस्तक्षेप के बाद निगम प्रशासन तेजी से कार्यवाही करेगा और बच्चों की पढ़ाई सुरक्षित माहौल में हो सकेगी।

# पार्षद मदन राय ने जीएसटी को बताया जनता के लिए तोहफा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद मदन राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी पर भरपूर काम किया गया है, जिससे जनता को काफी लाभ हुआ है। जीएसटी की शुरूआत से पहले देश में कई तरह के करों का जाल था, जिसे एक ही कर में समाहित कर दिया गया है। इससे व्यापार करना आसान हो गया है और कर चोरी भी कम हुई है।



जीएसटी ने कर प्रणाली को सरल बनाया है और व्यापार करना आसान कर दिया है। जीएसटी के आने से कर बोझ में कमी आई है और व्यापारियों को राहत मिली है।

जीएसटी ने आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया है और देश में निवेश को आकर्षित किया है। पार्षद मदन राय ने कहा कि जीएसटी पर भरपूर काम किया गया है और इसके परिणामस्वरूप जनता को काफी लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने व्यापार करना आसान बना दिया है और कर चोरी को कम किया है। जीएसटी की सफलता के पीछे कई कारण हैं, जिनमें से एक प्रमुख कारण है कर प्रणाली का सरलीकरण। जीएसटी ने कई करों को एक ही कर में समाहित कर दिया है, जिससे व्यापार करना आसान हो गया है। इसके अलावा, जीएसटी ने कर बोझ में भी कमी की है, जिससे व्यापारियों को राहत मिली है।

# डांडिया नाइट के साथ राजनगर रामलीला में शुरू हुआ श्रीराम महोत्सव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री रामलीला समिति राजनगर मैं डांडिया नाइट के साथ श्री राम महोत्सव का शुभारंभ हो गया है दिल्ली की प्रवीण एंड पार्टी ने मंगलवार शाम को डांडिया की एक ऐसी नाइट की शुरूआत की जिसमें सभी लोग नृत्य में मगन हो गए । मां दुर्गा को मनाने के लिए राजनगर रामलीला महोत्सव के प्रथम दिन सैंकड़ों महिलाओं, पुरुषों ने गरबा - डांडिया नृत्य किया ।डांडिया नाइट की संचालिका प्रवीण ने अपने अंदाज में सभी का मन मोह लिया। इस रंगारंग कार्यक्रम में राजनगरवासियों तथा दूर दूर से आए लोगों ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ गरबा और डांडिया का आनंद लिया। विशेष आकर्षण अनुभवी डीजे द्वारा संगीत, डांडिया कलाकारों द्वारा गरबा नृत्य, स्वादिष्ट भोजन और पेय व रामलीला समिति के सदस्यों द्वारा विशेष प्रस्तुति रही।

संस्था के अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता ने बताया कि डांडिया के साथ ही श्री रामलीला महोत्सव की विधिवत शुरूवात हो गई है।





अब अगले दिन खाटू श्याम महोत्सव ओर गणेश शोभा यात्रा के बाद रामलीला का आयोजन किया जाएगा। डांडिया नाइट में लगभग 400 लोगों ने भाग लिया और नृत्य कर आनंद लिया।

डांडिया में समिति के मुख्य संरक्षक जितेन्द्र यादव, अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता, महामंत्री सीए दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, पार्षद प्रवीण चौधरी, संगठन मंत्री अमरीश कुमार त्यागी व मुकेश मित्तल मुख्य सलाहकार अनिल कुमार , आर एन पाण्डेय, योगेश गोयल, सुभाष शर्मा, राजीव मोहन, बृजमोहन सिंहल, दिनेश शर्मा, सुन्दर लाल यादव, जी.पी. अग्रवाल, के. पी. गुप्ता, मोतीलाल गर्ग, दीपक सिंघल, विनोद गोयल, मनीष वशिष्ठ, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री रेखा अग्रवाल, सौरभ गर्ग, दीपक कांत गुप्ता , आलोक मित्तल, जितेन्द्र रंधावा, मदन लाल हरित, ओमप्रकाश भोला, गोल्डी सहगल, विजय लुम्बा, सीए डीके गोयल सहित राजनगर के अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# त्योहारों को लेकर पुलिस कमिश्नर ने की समीक्षा बैठक, अलर्ट रहने का निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कमिश्नरेट के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा एवं तैयारी बैठक की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, समस्त एसीपी और प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था की कड़ी निगरानी की जाए। किसी भी घटना या दुर्घटना की स्थिति में वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं डीजीपी के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। बैठक में भीड़-भाड़ वाले इलाकों, धार्मिक स्थलों और बाजारों में विशेष सतर्कता बरतने, सुरक्षा प्रबंध मजबूत करने और सतत मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी तय की गई।

# ट्रैफिक पुलिस का अभियान : 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' में 15 दिन में 22,543 चालान








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर गाज़ियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने सख़्ती शुरू कर दी है। 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार 1 सितंबर से 15 सितंबर तक कुल 22,543 चालान काटे गए।

एडीसीपी ट्रैफिक सचिदानंद ने कहा कि बिना हेलमेट वाहन चलाना न सिर्फ. कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह जान से खिलवाड़ भी है। इस अभियान का मकसद लोगों को अनुशासन में लाना और सड़क हादसों को कम करना है। नियम तोड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं


**करंट क्राइम।** अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट वालों को फ्यूल नहीं दिया जा रहा है। आगे भी यह कार्रवाई और कड़ी होगी। साथ ही, चालान के साथ जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, ताकि लोग स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करें।



# भाजपा पार्षद ने लिखा सीएम को पत्र और कहा खाली पड़ी है निगम की 15 बीघा जमीन

## इस पर सरकारी अस्पताल बन जाए तो 20 लाख की आबादी को मिलेगी बड़ी राहत





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक समय था जब लोकसभा चुनाव के दूसरे राउंड से पहले इस बात का शोर मच गया था कि नदिया पार में सरकारी अस्पताल होना चाहिए। त्रिपाठी जी वसुंधरा में आवास विकास की जमीन तलाशकर आ गए थे और बताया था कि यहां अस्पताल बनेगा, तैयारियां शुरु हो गई। तत्कालीन राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने पत्र लिखकर सुझाव दिया था कि कैलाश मानसरोवर भवन को भी सरकारी अस्पताल में तब्दील किया जा सकता है। कोई खोड़ा में जमीन तलाशकर आया था और उसने बताया था कि यहां पर अस्पताल बन सकता है। पार्षद नीलम भारद्वाज तो वैशाली से पैदल चली थीं और भाजपा महानगर कार्यालय आकर ज्ञापन सौंपा था कि सरकारी अस्पताल बनना चाहिए।

खबर तो यहां तक चली थी कि सरकारी अस्पताल के निर्माण का काम शुरू हो गया है। फिर पता नहीं कोई जमीन उठाकर ले गया है या अस्तपाल की ईंटें चोरी हो गई, लेकिन जो भी था अस्पताल नहीं बना।

उसके बाद ये फाइल चचाओं में भी क्लॉज हो गई। एक बार फिर सरकारी अस्पताल की चर्चा बाहर आई है और इस बार भाजपा पार्षद ने ये मामला उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और उनसे कहा है कि वार्ड में 15 बीघे जमीन खाली है, आप चाहें तो यहां सरकारी अस्पताल बन सकता है। एक लंबे से कोई सरकारी अस्पताल का ऑफर नहीं लाया था, लेकिन अब भाजपा के पूर्व पार्षद कालीचरण पहलवान ये मेटर लेकर आए हैं। कालीचरण पहलवान की पत्नी किरण देवी वार्ड-82 शालीमार गार्डन से पार्षद हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है और ये पत्र उन्होंने डीएम के द्वारा मुख्यमंत्री को भिजवाया है। इस पत्र में कालीचरण पहलवान की पार्षद पत्नी किरण देवी ने ये बताया है कि शहीदनगर के वार्ड-82 में नगर निगम की लगभग 15 बीघा जमीन खाली पड़ी है।

उन्होंने बताया कि ये जमीन शहीदनगर के बी-ब्लॉक में है। उन्होंने कहा है कि ट्रांस हिंडन क्षेत्र में कोई भी बड़ा अस्पताल नहीं है, जिसके कारण लोगों को दिल्ली अस्पताल के ऊपर निर्भर रहना पड़ता है। जबकि ट्रांस हिंडन क्षेत्र की आबादी लगभग बीस लाख की है। एक भी सरकारी अस्पताल नहीं होने के कारण लोगों को इलाज के लिये दिल्ली भागना पड़ता है। भाजपा पार्षद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ये प्रार्थना की है कि नगर निगम की इस खाली पड़ी जमीन पर एक अस्पताल का निर्माण कराने की अति आवश्यकता है।

# 'पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में भारत 20+ पदक जीतेगा', देवेंद्र झाझरिया का विश्वास




**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति (ढउक) के प्रमुख देवेंद्र झाझरिया को भरोसा है कि भारत का 73 सदस्यीय दल विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 20 से अधिक पदक जीत सकता है। यह चैंपियनशिप 27 सितंबर से भारत में शुरू हो रही है और यह देश में अब तक का सबसे बड़ा पैरा खेल आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में 104 देशों के 2,200 से अधिक पैरा-एथलीट और सहयोगी स्टाफ भाग लेंगे।

### झाझरिया का बयान

झाझरिया ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'हमारे दल में 73 एथलीट हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है। यह हमारे देश में पैरा-खेल की प्रगति को दशार्ता है।' उन्होंने कहा कि पिछली बार कोबे में आयोजित चैंपियनशिप में भारत ने 17 पदक जीते थे और इस बार टीम और भी मजबूत है। झाझरिया ने भरोसा जताया कि इस बार भारत 20 से अधिक पदक जीतकर घरेलू धरती पर इतिहास रचेगा।




### अनुभवी और नए खिलाड़ियों का मिश्रण

भारतीय टीम में अनुभवी और नए खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण है। टीम का नेतृत्व स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल करेंगे। उनके साथ प्रवीण कुमार, निषाद कुमार, सिमरन शर्मा, प्रीति पाल, नवदीप, धर्मबीर नैन और प्रणव सूरमा जैसे प्रमुख खिलाड़ी भी टीम का हिस्सा हैं।

# एमएलसी चुनाव को लेकर अमरीकन एडूग्लोबल स्कूल में भाजपा नेताओं ने किया संपर्क अभियान

## पिलखुवा नगरपालिका चेयरमैन विभु बंसल की अगुआई में हुआ कार्यक्रम



**पिलखुवा/गाज़ियाबाद।** अमरीकन एडूग्लोबल स्कूल में मेरठ-सहारनपुर मंडल के एमएलसी विधायक श्रीशचंद शर्मा, धौलाना ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, जिला मंत्री विक्रांत शर्मा, भाजपा नेता प्रवीन मित्तल, सचिन पुंडीर, राजेश मित्तल सहित कार्यकताओं ने शिक्षकों व कर्मचारियों से मुलाकात कर स्नातक/शिक्षक वोट बनवाने के लिए संपर्क किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल ने कहा कि भाजपा संगठन निरंतर जनसंपर्क के माध्यम से जनता और शिक्षित वर्ग से जुड़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि शिक्षकों का सहयोग पार्टी को एमएलसी चुनाव में बड़ी सफलता दिलाएगा।

# 'जुनून और समर्पण तारीफ के काबिल' पीएम मोदी ने वैषाली रमेशबाबू और आनंदकुमार वेलकुमार को दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर वैषाली रमेशबाबू को फिडे विमेंस ग्रां प्री स्विस खिताब जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वैषाली का जुनून और समर्पण प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री ने लिखा, 'शानदार उपलब्धि। वैषाली रमेशबाबू को बधाई। उनका जुनून और समर्पण काबिले-तारीफ है। उनके आने वाले प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।' भारतीय ग्रैंडमास्टर वैषाली रमेशबाबू ने लगातार दूसरी बार फिडे विमेंस ग्रां प्री स्विस खिताब अपने नाम किया। उन्होंने समरकंद में सोमवार को खेले गए 11वें और आखिरी राउंड में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन झोंगयी टैन के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस जीत के साथ उन्होंने विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह बना ली है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक और खेल उपलब्धि पर भी खुशी जाहिर की। उन्होंने सीनियर मेंस 1000 मीटर स्प्रिंट स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार को बधाई दी।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः– 1060/2025–26 दिनांकः– 16.09.2025

**खुली बोली आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ग्राम कैला मरकज मस्जिद के पास स्थित स्थल को निर्धारित शर्तों के अनुसार एक वर्ष की अवधि के लिये अस्थायी रूप में सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम/आयोजन करने के साथ–साथ आयोजन में आने वाले व्यक्तियों के वाहनों को सुव्यवस्थित तरीके से पार्क करने हेतु दिनांक 25.09.2025 को सार्वजनिक खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से उक्त स्थल को संचालित करने के इच्छुक व्यक्ति दिनांक 25.09.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक नवयुग मार्किट स्थित नगर निगम मुख्यालय में उपस्थित होकर खुली बोली में प्रतिभाग कर सकते है। खुली बोली के माध्यम से प्राप्त अधिकतम धनराशि पर ही स्वीकृति हेतु विचार किया जायेगा। खुली बोली सम्बन्धी शर्तें नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

अपर नगर आयुक्त
गाजियाबाद नगर निगम

# खाटू श्यामजी के दर्शन करने के बाद गाजियाबाद लौट रहे व्यापारियों की कार में लगी आग

## दो की मौत और दो गंभीर रूप से घायल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक दर्दनाक हादसे में गाजियाबाद के दो व्यापारी की मौत हो गई है। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए है। ये सभी व्यापारी खाटू श्याम जी का दर्शन करने के बाद गाजियाबाद लौट रहे थे। हरियाणा के रेवाडी के पास उनकी कार एक हादसे की चपेट में आ गई। दरअसल, रेवाडी के पास एक टैंकर में आग लग गई थी। व्यापारियों की कार वहां से गुजर रही थी, अचानक उनकी कार में भी आग लग गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गई। घटना इतनी भयावह थी कि कुछ ही मिनटों में कैंटर और कार दोनों आग की लपटों से घिर गए। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी।

इन व्यापारियों का तुराब नगर बाजार में कारोबार है। जानकारी के अनुसार, व्यापारी आशु, मोनू, सुमित और ऋषि खाटू श्याम जी गए थे। वापस लौटने के दौरान रास्ते में हरियाणा के रेवाड़ी के पास उनकी कार एक हादसे का शिकार हो गई। यहां केमिकल से भरे ट्रक में आग लगी थी, उनकी कार इसकी लपटों की चपेट में आ गई और जलने लगी।

हादसे में दो व्यापारी आशु और मोनू की मौत हो गई। सुमित और ऋषि का उपचार हॉस्पिटल में चल रहा है। यह हादसा सोमवार देर रात रेवाड़ी के बनीपुर चौक पर हुआ। रात लगभग 1 बजे के आसपास एक कैंटर, जिसमें केमिकल भरा हुआ था, अचानक आग की लपटों में घिर गया। आग इतनी तेजी से भड़की कि पीछे से आ रही क्रेटा कार भी उसकी चपेट में आ गई। इसी कार में गाजियाबाद के चारों व्यापारी सवार थे। सभी व्यापारी खाटू श्यामजी दर्शन कर वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जयपुर की तर केमिकल से भरा यह टैंकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया और उसमें आग लग गई। केमिकल का रिसाव होने की वजह से आग टैंकर के साथ सड़क पर फैल गई। पीछे आ रही कार इसी आग की चपेट में आ गई। कार देखते ही देखते आग के गोले में बदल गई। हादसे में दो व्यापारियों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि अन्य दो गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

# हिंडन किनारे अवैध कॉलोनियों पर चला जीडीए का बुलडोजर, स्वीमिंग पूल भी तोड़ा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अवैध निर्माण/अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को प्राधिकरण ने हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया।

प्रवर्तन जोन-04 के प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने हिंडन नदी के समीप दो स्थानों पर चल रहे अवैध प्लॉटिंग के डिमार्केशन (डिमार्केशन का कार्य प्रारंभिक अवस्था में था) और दो अस्थाई स्थल कार्यालयों को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही, एक अन्य कॉलोनी जो पहले भी कई बार तोड़ी जा चुकी थी, उसके प्लाटों की बाउंड्रीवाल और एक स्विमिंग पूल को भी पूरी तरह से ध्वस्त किया गया।

यह ध्वस्तीकरण अभियान मंगलवार को चलाया गया, जिसमें सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-04 के समस्त स्टाफ तथा प्राधिकरण पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।




### मौहल्ले वाले दावेदारों ने अभी से शुरू कर दिया है वार्ड में सर्वे कराना

अभी तक तो यही सुना था कि पोलिटिक्ल पार्टियां विधानसभा और लोकसभा चुनाव से पहले निजी एजेंसियों से सर्वे कराती हैं। अपने मौजूदा यानी सिटिंग विधायकों और सांसदों को लेकर ये पता कराती हैं कि सिटिंग वालों को चुनाव में स्टेंड करना ठीक रहेगा या नहीं। मगर अब सीन चेंज हो गया है और वार्ड वाले चुनाव से पहले वार्ड के दावेदारों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इस कहानी का रोचक मोड ये है कि मौहल्ले के ये दावेदार पार्टी के टिकट पर डिपेंड होकर नहीं चल रहे हैं। वो सिर्फ अपने बारे में सर्वे करा रहे हैं और निर्दलीय भी लड़ने को तैयार हैं। डिपेंड का मामला ये है कि वो कल के होते आज ही सस्पेंड होने को तैयार हैं। उनका सीधा सा फंडा है कि टिकट हमें अपने दम पर लेना है। वोट अपने खर्चे पर मांगने हैं। किसी नेता के आने जाने कहने सुनने से एक वोट का फर्क नहीं पड़ना। वो तो बस अपनी तैयारी में जुट गये हैं।

### सुनते ही डॉली का नाम क्यों चेंज हो जाती है हाथ वालों की आवाज

फूल वाले ये मानकर चलते हैं कि हाथ तो सियासत से रिटायर हो चुका है। साइकिल वाले भैया जी का आदेश मानते हैं और हाथ वालों को अपने साथ लेकर चलते हैं। हाथ वालों के यहां कहानी ये है कि अब वो नया निजाम चाहते हैं। उनका सीधा सा कहना है कि सारे टिकट या तो एक के नाम कर दो या फिर हमें ही उठाकर गुमनाम कर दो। मगर अब ये नहीं चलेगा कि टिकट की बेला में उन्हें बुलाया जायेगा और संगठन की बैठकों में हमारे फोन पर मैसेज आयेंगे। हाथ वालों के यहां सीन ये चल रहा है कि डॉली का नाम आते ही उनकी आवाज अचानक से चेंज हो जाती है। ये आवाज ये बता रही है कि अब हाथ वाले चेंज चाहते हैं। वो लोकसभा से लेकर वार्ड तक काम का रिवार्ड चाहते हैं।

### आम आदमी पार्टी और औवेसी वाले दल का क्यों नहीं दिखता है बल

निगम वाले रिकार्ड को देखें तो पता चलता है कि यहां झाड़ू वाली आम आदमी पार्टी भी खाता खोल चुकी है। उसके टिकट पर कोई मौहल्ले वाला चुनाव जीत कर नगर निगम में पहुंचा है। रिकार्ड तो ये भी बताता है कि औवेसी की पतंग के सिम्बल पर भी कोई चुनाव जीत कर पार्षद बना है। आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता भी गाजियाबाद में रहती हैं। मगर जब कभी सियासी मुद्दों की बात आती है तो क्या वजह है कि आम आदमी पार्टी ही आम आदमी के मुद्दों से खुद को दूर कर लेती है। हाउस टैक्स वाले मुद्दे को लेकर सरकार वालों ने तो मोर्चा खोल दिया। मगर विपक्ष वाले दूरी बनाते रहे। औवेसी वाली पार्टी का बल दिखाई नहीं दिया। आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने वालों के परिवार के लोग तो आगे आये मगर आम आदमी पार्टी का एक भी पदाधिकारी इस पूरे संघर्ष में दिखाई नहीं दिया। सुना तो ये है कि इसी शहर में इस पार्टी से कोई प्रदेश प्रवक्ता भी है और इसी शहर में कोई औवेसी की पार्टी से बड़ा चुनाव भी लड़ा है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026: लोनी वार्ड 10 की कमान नितिन मावी को



**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी त्रिस्तरीय जिला पंचायत चुनाव 2026 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में, पार्टी ने लोनी वार्ड संख्या-10 की चुनावी रणनीति की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी युवा भाजपा नेता नितिन मावी को सौंपी है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष और लोनी के लोकप्रिय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नितिन मावी को वार्ड-10 के लिए संयोजक नियुक्त किया है। इस जिम्मेदारी को मिलने पर नितिन मावी ने सभी शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे पार्टी द्वारा सौंपे गए इस दायित्व को पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाएंगे। नितिन मावी ने विशेष रूप से गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह और लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में वे वार्ड-10 में पार्टी को मजबूत करने और विजय सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करेंगे। यह नियुक्ति दर्शाती है कि भाजपा आगामी पंचायत चुनावों को गंभीरता से ले रही है और जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अनुभवी नेताओं को महत्वपूर्ण भूमिकाएं सौंप रही है।

# मसूरी के मसौता में बवाल नहीं रोक पाने के कारण चौकी प्रभारी लाइन हाजिर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दो पक्षों के बीच तनातनी को नहीं समझ पाना और बवाल को नहीं रोक पाना चौकी प्रभारी को भारी पड गया। मसूरी थाना क्षेत्र के मसौता गांव में शनिवार और रविवार को दो पक्षों के बीच हुए बवाल के मामले में दारोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। शनिवार को दो पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई। इस मामले को गंभीरता से नहीं लेने पर दारोगा अमित कुमार शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। रविवार रात दबंगों ने पीड़ित पक्ष के घरों पर पथराव कर दिया। डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी के मुताबिक लापरवाही बरतने पर हल्का चौकी प्रभारी अमित कुमार शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन





### - यह एक निःस्वार्थ कार्य है जो जाति और धर्म की सीमाओं से परे है : डॉ. सुभाष जैन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने मंगलवार को आई.एम.एस. यूनिवर्सिटी कोर्स कैंपस, एन.एच.-9, गाजियाबाद में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. सुभाष जैन ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह एक निःस्वार्थ कार्य है जो जाति और धर्म की सीमाओं से परे है। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी भी समुदाय की शक्ति को दर्शाता है और हमें इस बारे में जागरूकता फैलानी चाहिए।

क्लब प्रेसिडेंट भारती गर्ग ने बताया कि हर दो सेकंड में दुनिया में किसी न किसी को रक्त की आवश्यकता होती है और दुनिया के कई हिस्सों में अभी भी इसकी कमी है। उन्होंने इस प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए सभी रक्तदाताओं, डॉक्टरों, विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों, शिक्षकों, छात्रों और क्लब के सदस्यों का धन्यवाद किया। इस शिविर में कुल 208 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

इस सफल आयोजन के लिए, क्लब प्रेसिडेंट रो. भारती गर्ग और सेक्रेटरी रो. प्रवीन गोयल ने कार्यक्रम के होस्ट रो. दीपा छारिया और रो. राकेश छारिया का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

# पुलिस कमिश्नरेट में करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ नष्ट








### चरस से लेकर स्मैक तक किया गया नष्ट

करंट क्राइम : नष्ट किए गए नशीले पदार्थों में गांजा, चरस, अफीम, डोडा, स्मैक, हेरोइन, नशीला पाउडर, गोलियां और कोडीन युक्त कफ सीरप शामिल थे। इनमें सबसे अधिक 1498.200 लीटर कोडीन कफ सीरप थाना कौशांबी से नष्ट किया गया। वहीं 11.020 किलो अफीम को सरकारी अफीम एवं क्षारोद कारखाना गाजीपुर भेजा गया है, जिसका उपयोग दवाइयां बनाने में होगा। यह कार्रवाई 16 से 30 सितम्बर तक चल रहे विशेष अभियान के तहत की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशे के खिलाफ यह सख्त कदम है और इससे थानों के मालखानों में साफ-सफाई व सुधार भी सुनिश्चित होगा।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मंगलवार को अब तक की बड़ी कार्रवाई करते हुए थानों के मालखानों में रखे नशीले पदार्थों का निस्तारण किया गया है। पुलिस के अनुसार इस दौरान 281 मुकदमों से संबंधित 1902.426 किलो मादक पदार्थ नष्ट किए गए, जिनकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 10 करोड़ 45 लाख रुपये है।

# पार्षद राजकुमार भाटी ने उठाई प्रकाश व्यवस्था की समस्या



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 89 वैशाली में प्रकाश व्यवस्था चरमराई हुई है, जिससे क्षेत्र अंधकार में डूबा हुआ है। पार्षद राजकुमार भाटी ने इस समस्या को उठाया है और नगर निगम के प्रकाश विभाग की लापरवाही की आलोचना की है। पार्षद राजकुमार भाटी ने आरोप लगाया है कि लाइनमैनों की लापरवाही के कारण वार्डों में खराब लाइटों को ठीक करने के लिए गाड़ी नहीं भेजी जाती है या देर से भेजी जाती है। उन्होंने बताया कि अगर गाड़ी भेजी भी जाती है, तो वह दोपहर 1:00 बजे के बाद पहुंचती है और 3:30 बजे वापस चली जाती है, जिससे मात्र 2:30 घंटे का समय मिलता है, जिसमें लंच का समय भी शामिल है। अंधेरे के कारण सड़क पर हादसे होते हैं और झपटमार जैसी वारदातें बढ़ रही हैं। पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा कि नगर निगम का प्रकाश विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है, जो वर्तमान में सोया हुआ प्रतीत होता है। उन्होंने प्रकाश विभाग को तुरंत कार्रवाई करनी, और वार्डों में खराब लाइटों को ठीक करना चाहिए। लाइनमैनों को निर्देश देना चाहिए कि वे अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लें और समय पर काम करें। पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा कि नगर निगम को प्रकाश व्यवस्था को सुधारने के लिए एक ठोस योजना बनानी चाहिए।

# आई.एम.एस. में लगा रक्तदान शिविर, 216 यूनिट रक्त जमा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.एम.एस. गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेस कैंपस) में एस.एस.आर. क्लब और एन.एस.एस. यूनिट ने रोटरी क्लब साहिबाबाद और रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सहयोग से एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 216 यूनिट रक्त जमा किया गया।

इस पुनीत कार्य का शुभारंभ संस्थान के जनरल सेक्रेटरी सी.ए. (डॉ.) राकेश छारिया और निदेशिका प्रोफेसर (डॉ.) जसकिरन कौर ने किया। इस दौरान रोटरी क्लब साहिबाबाद के सेक्रेटरी आर.पी. महेश्वरी और प्रेसिडेंट शलभ अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी की प्रेसिडेंट श्रीमती भारती गर्ग और सेक्रेटरी प्रवीण गोयल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर संस्थान की निदेशिका प्रोफेसर (डॉ.) जसकिरन कौर ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में परोपकार की भावना को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने रक्तदान को 'महादान' बताया और सभी से नियमित रूप से इसमें भाग लेने की अपील की। यह सामाजिक प्रयास डॉ. ऋषि कुमार सिंह और डॉ. संघदीप गौतम के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्थान के इस नेक कार्य की सभी उपस्थित अतिथियों और रक्तदाताओं ने सराहना की।

# दुष्कर्म मामले में फंसे अभिनेता उत्तर कुमार 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

## जहर खाने की घटना और पुराना विवाद भी जुड़ा



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** भोजपुरी अभिनेता उत्तर कुमार को दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट के मामले में अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मंगलवार को उन्हें एससी/एसटी की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां सुनवाई के बाद जेल भेजने का आदेश दिया गया। अदालत ने सुनवाई के बाद आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। अगली तारीख पर अदालत में इस मामले की सुनवाई जारी रहेगी।

### मामला और आरोप

**करंट क्राइम:** पीड़िता ने साहिबाबाद के शालीमार गार्डन थाने में अभिनेता के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने उत्तर कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (दुष्कर्म) समेत कई धाराओं और एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

### जहर खाने का विवाद

**करंट क्राइम:** इससे पहले गिरफ्तारी के दौरान उत्तर कुमार के बेटे ने आरोप लगाया था कि पुलिस कस्टडी में रहते हुए उसके पिता ने जहर खा लिया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना था कि तबीयत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया था। इस घटना ने मामले को और विवादित बना दिया था।

### पुराना रहा है विवादों से साथ

**करंट क्राइम।** यह पहला मौका नहीं है जब उत्तर कुमार का नाम विवादों में आया हो। इससे पहले भी शालीमार गार्डन इलाके में उनके खिलाफ पारिवारिक विवाद और आपसी झगड़े से जुड़े आरोप सामने आ चुके हैं। स्थानीय स्तर पर कई बार समझौते की कोशिश हुई, लेकिन मामला लगातार बढ़ता गया और आखिरकार यह गंभीर धाराओं तक पहुंच गया।

# क्षेत्रीय बास्केट बॉल एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता में दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर ने लहराया परचम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विद्या भारती से सम्बद्ध विद्यालय दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर, नेहरू नगर, गाजियाबाद में सोमवार से बुधवार तक आयोजित क्षेत्रीय बैडमिन्टन एवं बास्केट बॉल प्रतियोगिता में 400 से ज्यादा छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 20 जिलों व उत्तराखण्ड के स्कूलों के छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई है। सभी खिलाडियों के रहने व खाने-पीने की व्यवस्था तीन दिन तक विद्यालय में ही रहेगी। मंगलवार को इस खेलकूद प्रतियोगिता में एसीपी नंदग्राम उपासना पाण्डेय भी उपस्थित थीं। उन्होंने सभी खिलाडियों से वार्ता की। एसीपी उपासना पांडे ने दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर तथा नोएडा सरस्वती विद्या मंदिर अंडर 17 की छात्राओं के बास्केटबॉल का मैच बहुत ही उत्साह के साथ देखा। इस मैच में नेहरू नगर की टीम विजेता रही। उन्होंने खेल के बारे में बताया कि जीवन में अनुशासन के लिए खेल बहुत उपयोगी है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ दीं।

आज बास्केट बॉल प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 एवं 19 बालक वर्ग में लगभग 40 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमे अभी तक अंडर-14 व अंडर-17 बालक वर्ग में दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अंडर-19 में बलराम ब्रजभूषण सरस्वती विद्या मंदिर मेरठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 एवं अंडर-17 बालिका वर्ग में भी दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर ने अपना परचम लहराया है।

बैडमिन्टन प्रतियोगिता में अंडर-14 बालिका वर्ग में हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती विद्या मंदिर, वृन्दावन तथा भगवंती देवी सरस्वती विद्या मंदिर मुजफ्फरनगर अपने पूल मैच जीतकर आगे चल रही हैं। अंडर-14 बालक वर्ग में पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विद्या मंदिर, बेहट एवं सरस्वती विद्या मंदिर शामली की टीमें आगे चल रही हैं। साथ ही अंडर-17 बालिका वर्ग में स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर, साहिबाबाद तथा सरस्वती विद्या मंदिर बागेश्वर की टीम आगे चल रही हैं। अंडर-19 बालिका वर्ग में बालेराम ब्रजभूषण सरस्वती विद्या मंदिर मेरठ तथा अंडर-19 बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर शामली आगे चल रही हैं। विद्यालय के प्राचार्य विपिन राठी ने कहा कि विद्या भारती पूरे देश भर में खेलों का आयोजन करती है। उन्होंने सभी खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 15 सितम्बर 2025 को कोच गोल्डी सहगल का जन्मदिन उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत, ओमप्रकाश भोला, अमित शर्मा और सी.ए. उनके आवास पर पहुंचे और बधाई दी। गोल्डी सहगल का योगदान क्रिकेट के प्रति समर्पण और खिलाड़ियों को मिलने वाले अनुशासन में स्पष्ट है। वे युवाओं को न सिर्फ तकनीक सिखाते हैं बल्कि जीवन मूल्यों की दिशा भी दिखाते हैं। जन्मदिन पर सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना की। ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# दक्षिण चीन सागर में टकराए ड्रैगन और फिलीपींस के जहाज, तनाव और बढ़ने की आशंका

**बीजिंग ।** दक्षिण चीन सागर में विवादित स्कारबोरो शोल के पास मंगलवार को चीन और फिलीपींस के चीन ने लगाया आरोपजहाजों के बीच टक्कर हो गई। चीन के कोस्ट गार्ड ने आरोप लगाया कि फिलीपींस की एक सरकारी नाव ने जानबूझकर उनकी नौका को टक्कर मारी। यह घटना ऐसे समय हुई है जब दोनों देशों के बीच इस क्षेत्र पर दावे को लेकर पहले से ही तनाव चल रहा है।

चीन के कोस्ट गार्ड ने दावा किया कि फिलीपींस की 10 से अधिक सरकारी नावें अलग-अलग दिशाओं से स्कारबोरो शोल के पास पहुंचीं। इस दौरान चीनी जहाजों ने उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। चीन इस क्षेत्र को ह्वांगयान द्वीप कहता है और इस पर अपना दावा जताता है।



वहीं फिलीपींस इसे बाजो दे मसिनलोक कहकर अपना क्षेत्र मानता है।

चीन ने घोषित किया नेचर रिजर्व, बढ़ा विवाद यह टकराव ठीक छह दिन बाद हुआ जब चीन ने स्कारबोरो शोल

**चीन के कोस्ट गार्ड ने दावा किया कि फिलीपींस की 10 से अधिक सरकारी नावें अलग-अलग दिशाओं से स्कारबोरो शोल के पास पहुंचीं। इस दौरान चीनी जहाजों ने उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया**

के एक हिस्से को ₹राष्ट्रीय प्राकृतिक अभयारण्य₹ घोषित कर दिया था। इस फैसले का फिलीपींस ने कड़ा विरोध किया और इसे लेकर राजनयिक विरोध दर्ज कराने की घोषणा की थी। की चुप्पी, अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया फिलीपींस सरकार की ओर से इस टकराव पर तुरंत कोई बयान नहीं आया, लेकिन उसने पिछले हफ्ते ही चीन के नेचर रिजर्व फैसले का विरोध किया था। वहीं अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों ने चीन के इस कदम पर चिंता जताई है।

# टेक्सास में भारतीय नागरिक की क्रूर हत्या पर डीएचएस का गहरा विरोध

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के टेक्सास में भारतीय नागरिक चंद्र नागमल्लैया की एक व्यक्ति ने बेरहमी से हत्या कर दी, जिस पर अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्रालय (डीएचएस) ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। डीएचएस ने बाइडन प्रसासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये हत्या होती ही नहीं अगर इस अवैध प्रवासी अपराधी को बाइडन प्रशासन द्वारा रिहा न किया गया होता। मामले में डीएचएस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इस घटना से स्पष्ट होता है कि क्यों अवैध प्रवासियों को अमेरिका में रहने की बजाय तीसरे देशों में भेजा जा रहा है।

पत्नी और बच्चे के सामने काटा गला डीएचएस ने आगे आरोप लगाया कि आरोपी योरडानिस कोबोस-मार्टिनेज ने पीड़ित का सिर उसकी पत्नी और बच्चे के सामने ही काट डाला और फिर उसके सिर को जमीन पर लात मारी। इसके साथ ही डीएचएस




ने कहा कि ट्रंप प्रशासन और गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम अब ऐसे अपराधियों को अमेरिका में रहने की अनुमति नहीं देते। अगर कोई अवैध रूप से अमेरिका आता है तो उसे एस्वातिनी, युगांडा, दक्षिण सूडान जैसे देशों में भेजा जा सकता है।

ट्रंप ने दी थी प्रतिक्रिया हालांकि इससे पहले हत्या के मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी निंदा की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा था कि आरोपी को कड़ी सजा दी जाएगी और हत्या के प्रथम दर्जे का मुकदमा चलाया जाएगा। मामले में ट्रंप ने भी बाइडन प्रशासन की कठोर आलोचना करते हुए कहा कि यह अपराधी पहले भी कई गंभीर मामलों जैसे बाल यौन शोषण, वाहन चोरी और गलत बंधन में गिरफ्तार हो चुका था।

# नेपाल में समूहों में बंटे जेन-जीः कुछ पर्दे के पीछे बदलाव के पक्षधर, कुछ राजनीति में खुलकर उतरने को तैयार

**नेपाल ।** नेपाल में अंतरिम सरकार के तीन मंत्रियों ने सोमवार को शपथ ले ली। वहीं दूसरी ओर जेन-जी ग्रुपों के बीच बैठकों के साथ ही ऑनलाइन चचाओं का दौर जारी है। इसी बीच कुछ जेन-जी ग्रुप से बात की गई तो बताया गया कि ये आर्गेनिक जेन-जी हैं। मतलब पूछने पर समझाया गया कि इन्होंने ही सबसे पहले इस आंदोलन की शुरूआत की थी और ये पर्दे के पीछे रहकर ही आगे भी काम करना चाहते हैं। काठमांडो में चर्चा है कि जेन-जी के 20 के आसपास ग्रुप बन गए हैं। कुछ राजनीति से जुड़ना चाहते हैं, पार्टी बनाना चाहते हैं तो वहीं आर्गेनिक जेन-जी इन सबसे अलग रह कर ही



काम करने के हिमायती हैं।

नेपाल की राजनीति में हर दिन कुछ नया घट रहा है। मंत्रिमंडल में तीन मंत्रियों की शपथ के साथ नए नामों के कयास भी लगने लगे हैं। चर्चा है कि जेन-जी के प्रतिनिधि भी इसमें शामिल हो सकते हैं। साथ ही शहर के प्रबुद्धजनों की अलग पार्टी बनाने की कवायद भी अंदर खाने चल रही है। इसमें भी कुछ जेन-जी ग्रुपों को जोड़ा जाना है। इसके अलग, आर्गेनिक यानी मूल जेन-जी संविधान विशेषज्ञों की राय ले रहे हैं। साथ ही इन कारणों पर भी चर्चा हो रही है कि आंदोलन हिंसक कैसे हो गया? वह मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों पर भी आगे बढ़ना चाहते हैं। इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि स्कूली बच्चों पर सीधे गोली क्यों चलाई गई जिनका जेन-जी से लेना-देना नहीं, उन्होंने फाड़े पोस्टर यूथ इन फेडरल डिसकोर्स नाम की संस्था चलाने वाले विख्यात खत्री महज 21 साल के हैं। अंतरराष्ट्रीय और संविधान से जुड़े मुद्दों पर गजब की पकड़ है। बताते हैं कि शुरूआती दौर में कुछ साथी ललितपुर स्थित पीमबहल में मिले थे।

# ऑपरेशन सिंदूर में टुकड़े-टुकड़े हुआ मसूद अजहर का परिवार, जैश कमांडर ने भरे मंच से कबूला

**इस्लामाबाद ।** ऑपरेशन सिंदूर के कई महीने बाद अब आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के कमांडर ने भी स्वीकार कर लिया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर में हुए हमले में खूंखार आतंकवादी मसूद अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए थे। जैश ए मोहम्मद के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जैश कमांडर मसूद इलियास ने क्या कहाइस वीडियो में मसूद इलियास कश्मीरी ने बताया कि किस तरह से भारतीय सशस्त्र बलों ने उनके ठिकानों को निशाना बनाया और उन्हें तबाह कर दिया। वीडियो में मसूद इलियास कहते हुए सुनाई दे रहा है कि 'अपने





देश की सीमाओं की हिफाजत के लिए हम दिल्ली में लड़े, काबुल और कांधार में लड़े। सबकुछ कुर्बान करने के बाद 7 मई को मौलाना मसूद अजहर के परिवार को तबाह कर दिया गया। भारतीय सुरक्षा बलों ने बहावलपुर में उन्हें टुकड़े-टुकड़े कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की निर्मम तरीके से हत्या के बाद भारत ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद से जुड़े नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान ने भी बाद में स्वीकार किया कि नौ जगहों पर हमला हुआ। इनमें बहावलपुर, कोटली और मुरीदके जैसे आतंकी प्रशिक्षण केंद्र भी शामिल थे।बहावलपुर पाकिस्तान का 12वां सबसे बड़ा शहर है और इसे जैश ए मोहम्मद का गढ़ माना जाता है।

मसूद अजहर ने खुद किया था स्वीकार लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित, जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह, जिसे उस्मान-ओ-अली परिसर के नाम से भी जाना जाता है।

# सीनेट की समिति के सामने पेश होंगे एफबीआई प्रमुख, चार्ली की हत्या की जांच सहित इन सवालों का करना होगा सामना

**वॉशिंगटन ।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक काश पटेल को सीनेट की एक समिति की पूछताछ का सामना करना पड़ेगा। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद उनसे चार्ली किर्क की हत्या की जांच और एफबीआई के अंदर वरिष्ठ अधिकारियों को हटाए जाने को लेकर कड़े सवाल पूछ सकते हैं। इन अधिकारियों ने एफबीआई निदेशक पर राजनीतिक बदले की कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

सीनेट की न्यायपालिका समिति उनसे पूछताछ करेगी। एफबीआई प्रमुख के पद पटेल को अभी बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ है, लेकिन उनका कार्यकाल विवादों भरा रहा है। समिति के सामने पटेल को साबित करना होगा कि एफबीआई के अंदरूनी उथल-पुथल और



अमेरिकी में बढ़ती राजनीतिक हिंसा के बीच वह पद के लिए सही व्यक्ति हैं। पटेल का अब तक का विवादों भरा कार्यकाल पटेल इससे पहले जनवरी में समिति के समक्ष पेश हुए थे, जिसमें उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को आश्वासन दिया था कि वह निदेशक के रूप में किसी भी तरह की राजनीतिक बदले की कार्रवाई नहीं करेंगे। अब उन्होंने पूछा जाएगा कि क्या उन्होंने ऐसा किया है। एफबीआई ने पिछले महीने पांच एजेंटों और वरिष्ठ अधिकारियों को बर्खास्त किया है। मौजूदा व पूर्व

**इन अधिकारियों ने एफबीआई निदेशक पर राजनीतिक बदले की कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। सीनेट की न्याय पालिका समिति उनसे पूछताछ करेगी**

अधिकारियों का कहना है कि इससे विभाग का मनोबल गिरा है और असंतोष फैला है। पटेल को इससे जुड़े सवालों का जवाब देना होगा। अधिकारियों ने अदालत में दायर किया है मुकदमा इनमें से तीन अधिकारियों ने पिछले हफ्ते एक संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पटेल को पता था कि इन अधिकारियों की बर्खास्तगी को अवैध घोषित किया जा सकता है, लेकिन उन्होंने अपनी नौकरी बचाने के लिए इन्हें अंजाम दिया। इन अधिकारियों में से एक ने छह जनवरी 2021 को कैपिटल हिल में हुए दंगों की जांच में अहम भूमिका निभाई थी और एक अन्य अधिकारी काकार्यवाहक निदेशक रहते हुए न्याय विभाग के अधिकारियों से टकराव हुआ था।

# अदालत ने पलटा ट्रंप का फैसला, अपील कोर्ट ने फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को पद से हटाने पर लगाई रोक

**अमेरिका ।**अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने राष्ट्रपति ट्रंप को झटका देते हुए उनके एक आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल ट्रंप ने फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को पद से हटाने का आदेश दिया था, जिसे अब अपीलीय अदालत ने खारिज कर दिया है। अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक होनी है, उससे पहले लिसा कुक की पद पर बहाली ट्रंप के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। लिसा कुक को पद से हटाने के लिए अब ट्रंप प्रशासन सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकता है।

लिसा कुक पर लगे धोखाधड़ी के आरोप अमेरिका में फेडरल रिजर्व आमतौर पर स्वतंत्र होता है और उसमें सरकार का दखल नहीं होता है। फेडरल रिजर्व एजेंसी के 112 साल के इतिहास में कभी किसी राष्ट्रपति ने फेडरल रिजर्व गवर्नर को पद से नहीं हटाया। लिसा कुक पर मॉर्गेज फ्रॉड



(गृह ऋण में धोखाधड़ी) का आरोप लगा था। ये आरोप फेडरल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी के डायरेक्टर बिल पुल्टे ने लगाए, जो ट्रम्प के कट्टर समर्थक और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के आलोचक माने जाते हैं। बिल पुल्टे का आरोप है कि जून 2021 में लिसा कुक ने मिशिगन में एक प्रॉपर्टी खरीदी थी और 15 साल के मॉर्गेज एग्रीमेंट में इसे अपना प्रिंसिपल रेजिडेंस यानी मुख्य घर बताया था। इसके एक महीने बाद जुलाई 2021 में कुक ने जॉर्जिया के अटलांटा में एक और प्रॉपर्टी खरीदी और 30 साल के एग्रीमेंट में इसे भी अपना मुख्य घर बताया था। अमेरिका में मुख्य घर के लिए मिलने वाले लोन में ब्याज दरें कम होती हैं, और इस तरह के दावे से फायदा उठाने को मॉर्गेज फ्रॉड माना जा सकता है।पुल्टे ने आरोप लगाया कि, 'जो महिला अपनी ब्याज बचाने के लिए झूठ बोल रही है, वह ब्याज दरों को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी कैसे ले सकती है?'

ट्रंप ने भी इस मुद्दे को तूल देते हुए पहले कुक से इस्तीफा मांगा और फिर 22 अगस्त को एलान किया कि अगर कुक इस्तीफा नहीं देतीं, तो वह उन्हें बर्खास्त कर देंगे। आखिरकार, 26 अगस्त को ट्रंप ने कुक को फेडरल रिजर्व गवर्नर पद से हटा दिया। लिसा कुक फेडरल रिजर्व बोर्ड की पहली अश्वेत महिला गवर्नर हैं और उनकी मौजूदा नियुक्ति 2038 तक है।

# चार्ली की मौत का जश्न मनाने वालों का रद्द करेंगे वीजा

**अमेरिका ।**अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि ऐसे विदेशी नागरिकों के वीजा रद्द किए जा रहे हैं, जो दक्षिणपंथी टिप्पणीकार चार्ली किर्क की हत्या पर जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका उन विदेशियों को अपने देश में नहीं रखेगा जो हमारे नागरिकों की मौत का जश्न मनाते हैं।

फॉक्स न्यूज से बातचीत में रूबियो ने कहा कि अमेरिका को ऐसे लोगों को देश में घुसने या रहने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए, जो इस तरह की हत्याओं का समर्थन करते हैं या उनका जश्न मनाते हैं। उन्होंने कहा, हमें ऐसे लोगों को वीजा नहीं देना चाहिए जो अमेरिका आकर किसी राजनीतिक व्यक्ति की हत्या, फांसी या हत्या जैसी घटनाओं का जश्न मनाएं और अगर वो पहले से यहां हैं, तो उनका वीजा रद्द कर देना चाहिए।

रूबियो ने एक्स पर अपने बयान का वीडियो साझा किया और लिखा, जो लोग हमारे नागरिकों की मौत का जश्न मना रहे हैं, उन्हें अमेरिका में जगह नहीं मिलेगी। वीजा रद्द किए जा रहे हैं। अगर आप वीजा पर यहां हैं और किसी राजनीतिक व्यक्ति की सार्वजनिक हत्या पर खुश हो रहे हैं,



तो निर्वासन के लिए तैयार हो जाइए। इस देश में आपका स्वागत नहीं है।

अमेरिकी सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की सहायक सचिव ट्रिशा मैकलॉफलिन ने भी कहा कि ऐसे लोगों के वीजा रद्द किए जाने चाहिए जो अमेरिकी नागरिकों की हत्या को महिमामंडित करते हैं। इससे पहले, अमेरिका के उप विदेश सचिव क्रिस्टोफर लैंडाउ ने भी एक्स पर लिखा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि जो विदेशी नागरिक हिंसा और नफरत को बढ़ावा देते हैं, वे हमारे देश में स्वागत योग्य नहीं हैं। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों को इस घटना का समर्थन करते, उसका मजाक उड़ाते या उसे उचित ठहराते देख कर मुझे नफरत हो रही है। मैंने हमारे दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे इस मामले में उचित कार्रवाई करें। कृपया अगर आप किसी विदेशी नागरिक की इस तरह की टिप्पणियां देखें तो उन्हें मेरे ध्यान में लाएं, ताकि हम अमेरिकी लोगों की रक्षा कर सकें। रूबियो ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिका को ऐसे लोगों को नहीं बुलाना चाहिए जो 'नकारात्मक और विनाशकारी व्यवहार' करते हैं। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि वीजा रद्द करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

# गाजा में हमास के खिलाफ इस्राइल का नया सैन्य अभियान लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी गई

**गाजा ।** इस्राइल की सेना ने गाजा सिटी में अपने ह्वविस्तारित सैन्य अभियानह्व की आधिकारिक शुरूआत कर दी है। सेना का कहना है कि यह कार्रवाई हमास की सैन्य संरचना को पूरी तरह तबाह करने के लिए की जा रही है। भारी हवाई हमलों के बाद इस्राइल ने चेतावनी जारी की कि गाजा सिटी के लोग तुरंत दक्षिण की ओर निकल जाएं। इस बीच गाजा के अस्पतालों में 20 शव और 90 से ज्यादा घायल पहुंचाए गए हैं।

इस्राइल के अरबी भाषा प्रवक्ता अविचे अडरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ऑपरेशन के विस्तार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान गाजा के उत्तरी हिस्से में हमास के ठिकानों को खत्म करने के लिए है। सोमवार की रातभर जारी हमलों में कम से कम 20 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। सेना का कहना है कि हमास ने आम इलाकों में अपने ठिकाने बनाए हुए हैं, जिससे



कार्रवाई और कठिन हो जाती है।

गाजा में भारी तबाही और पलायन गाजा सिटी से लगातार बमबारी की खबरें आ रही हैं। शिफा अस्पताल ने बताया कि पश्चिमी मोहल्लों में कई घरों पर हमले में 20 लोग मारे गए और 90 से अधिक घायल हुए हैं। डॉक्टर मोहम्मद अबू सलमियाह ने कहा कि पूरी रात बमबारी जारी रही, एक पल भी रुकी नहीं। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि पिछले एक महीने में 2.2 लाख से अधिक फलस्तीनी गाजा के उत्तरी इलाकों से पलायन कर चुके हैं। पहले यहां लगभग 10 लाख लोग रहते थे।

इस्राइल का सख्त रुख रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज ने कहा कि गाजा जल रहा है। हमारी सेना आतंकवादी संरचना पर लोहे की मुट्ठी से वार कर रही है। जब तक बंधकों को आजाद नहीं करा लेते और हमास को पूरी तरह खत्म नहीं कर देते, पीछे नहीं हटेंगे। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू

**इस्राइल की सेना ने गाजा सिटी में अपने विस्तारित सैन्य अभियानह्व की आधिकारिक शुरूआत कर दी है। सेना का कहना है कि यह कार्रवाई हमास की सैन्य संरचना को पूरी तरह तबाह करने के लिए की जा रही है। भारी हवाई हमलों के बाद इस्राइल ने चेतावनी जारी की कि गाजा सिटी के लोग तुरंत दक्षिण की ओर निकल जाएं।**

भी यही संदेश दे रहे हैं कि अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक हमास को पूरी तरह कमजोर न कर दिया जाए। बंधकों के परिवारों का प्रदर्शन इस बीच, गाजा में फंसे बंधकों के परिवारों ने नेतन्याहू के घर के बाहर प्रदर्शन किया। कुछ परिवारों ने घर के सामने टेंट गाड़कर रात गुजारी और प्रधानमंत्री से अपील की कि सैन्य अभियान को रोकें और पहले बंधकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करें। ऐनाव जांगाउकर नाम की महिला ने कहा कि मेरा बेटा मटन अब भी गाजा में है। अगर नेतन्याहू बंधकों की चिंता किए बिना सैनिकों को भेजते हैं, तो वे योग्य प्रधानमंत्री नहीं हैं। इस्राइल का मानना है कि 48 में से करीब 20 बंधक अभी जीवित हैं। अमेरिकी दबाव और कूटनीति अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी संकेत दिया कि गाजा सिटी पर बड़ा हमला शुरू हो चुका है।

## प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिवस पर

# भाजपा नेता जगदीश साधना ने दिया स्वदेशी अपनाने का संदेश





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश साधना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर शुभकामनाएँ देते हुए देशवासियों से स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से मेक इन इंडिया को नई दिशा दी और किसानों, आम नागरिकों व देश की आर्थिक सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए विदेश नीति में कठोर फैसले लिए। साधना ने कहा कि विदेशी ताकतें आज भारत की प्रगति से भयभीत हैं और टैरिफ जैसी नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही हैं। जगदीश साधना ने संकल्प लेते हुए कहा कि वे जीवनभर केवल स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेंगे और प्रतिदिन कम से कम दस लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी शिक्षा और कौशल का उपयोग स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने और भारतीय वस्तुओं को वैश्विक स्तर तक पहुँचाने में करें। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि 145 करोड़ भारतीय अपने रोजमर्रा के जीवन में विदेशी वस्तुओं को छोड़कर स्वदेशी को अपनाएँ तो भारत जल्द ही पुनः सोने की चिड़िया बन सकता है और विश्व में आर्थिक शक्ति के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा।

# गाजियाबाद में एबीसी सेंटर का निरीक्षण

## भारत सरकार की टीम ने दी श्वान शेल्टर होम बनाने की हरी झंडी







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम में बन रहे एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर और श्वान शेल्टर होम की कार्ययोजना का निरीक्षण भारत सरकार की पशुपालन टीम ने किया। टीम का नेतृत्व श्री मुथुकुमारासामी बी., संयुक्त सचिव, पशुपालन विभाग भारत सरकार ने किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, डॉ. अनुज (उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी) समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने नंदी पार्क स्थित एबीसी सेंटर में चल रहे श्वान नसबंदी (स्टेरलाइजेशन) कार्यों की रिपोर्ट देखी और श्वान शवदाह गृह का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा नए बस अड्डे स्थित दूसरे एबीसी सेंटर का भी अवलोकन किया गया, जहाँ दवाइयों व उपकरणों की जानकारी ली गई।

**नगर निगम की प्रस्तुति :** नगर आयुक्त ने टीम को बताया कि नगर निगम द्वारा श्वान नसबंदी, रेबीज टीकाकरण और माइक्रोचिप लगाने की कार्रवाई तेजी से चल रही है। इसकी प्रस्तुति भारत सरकार से आई टीम के सामने दी गई।

**केंद्र सरकार के निर्देश :** संयुक्त सचिव मुथुकुमारासामी बी. ने निर्देश दिए कि शहर में जल्द ही फीडिंग पॉइंट बनाए जाएँ और श्वान शेल्टर होम की स्थापना हेतु कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने टीम को मोटिवेट करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप शहरवासियों के हित में कार्य को समय पर पूरा किया जाए।

**अन्य उपस्थिति :** इस अवसर पर अहइक के डॉ. एस. के. दत्ता सहित पशु चिकित्सा विभाग की टीम और निगम अधिकारी मौजूद रहे। टीम को जनजागरूकता अभियान चलाने के लिए भी विशेष निर्देश दिए गए।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधायक जी ने तो अपने होर्डिंग का अंदाज ही बदल डाला? नहीं दिया उन्होंने मंत्री जी, महापौर जी और अपने समकक्ष विधायक के फोटो को स्थान? हां इतना जरूर है कि उन्होंने अपने प्रतिस्पर्धी अध्यक्ष के फोटो का रखा जरूर ध्यान? गर्ग साहब पर तो वैसे ही कर चुके हैं वो अपना दिल कुर्बान? इसलिए उनको मिला बड़ा स्थान? ना जाने इस होर्डिंग से मिला है उन्हें कौन सा संतोष? आप ही बतायें श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मंत्री जी ने भेजा था बृज वाले एरिया के भगवा कमिश्नर और स्थानीय मैम्बरों को अपने यहां पर आने का पैगाम? मगर जब ये सब वहां पर पहुंचने को हुए? तब अचानक बदल गया मंत्री जी का प्रोग्राम? उन्होंने एडजस्ट कर दी नेक्स्ट वाली डेट? पता चल रहा है अंदर से आ रहे हैं कुछ और ही अपडेट? भगवा कमिश्नर की तत्परता और पार्षदों की दूरी पर वो दिख रहे हैं हैरान? हो सकती है संयोजक की घोषणा? ऐसी चर्चा हो रही है आम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आंदोलन करने वाले जाकिर भाईजान, पवन भैया और कभी खास रहे गोयल के अरमानों पर लगा दिया है लगाने वाले ने ताला? सुना है इनके एरिया में नहीं हो रहे हैं काम? ऐसा होने से ये हैं सब बहुत ज्यादा हैरान? आपस में कर रहे हैं एक दूसरे से ये अपना दर्द-ए-दिल शेयर? कह रहे हैं कि क्रान्ति की अलख जलाकर मिला है हमें ये सिला कि करने वाले नहीं कर रहे हैं हमारे इलाके की केयर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार की मैडम भंडारी इस वक्त दिखा रही हैं इतने धारदार तेवर? जैसे लकड़ी को छिल रही हो कोई आरी? सुना है उनके शब्द अब सरकारी विभागों पर भी पड़ रहे हैं भारी? वो दे रही हैं संदेश, किसी के निजी स्वार्थ के चलते प्राधिकरण की ग्रीन बेल्ट पर मजबूत हो गया है आबकारी वालों का फेस? अगर हकीकत में है मैडम की बात में दम? तो फिर इस ओर दिया जाना चाहिए ध्यान? भले ही कोई सामान्य कब्जाधारी हो या सरकारी श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा सौम्य मावी की जब हमने देखी एक पद पर ताजपोशी वाली पोस्ट? तब हमें पता चला क्रान्ति करने का उनका अलग ही है अंदाज? ना चेहरे पर शिकन, ना खंजर पे खून, कत्ल करने का उनका खास है दाव? उन्होंने अपने ताजपोशी पर जिस तरह क्रान्तिकारी विधायक की तारीफों का किया गुणगान? सच बतायें ये तारीफें किसी तीर की तरह कहीं पर निशाना साध रहीं थी श्रीमान? कहने वाले ने कहा हमको भाई उनकी ये अदा? प्रत्यक्ष लड़ाई लड़ने से अच्छा है अप्रत्यक्ष रूप से चलो वो दाव, जो होता है सबसे जुदा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूं लेटेस्ट अपडेट? गोयल्स एंड गोयल्स के बीच में मामला हो गया है सेट? यूं ही नहीं खुले हैं फिर से कॉलेज के गेट? कहने वाले ने कहा आगे भी ये गेट ओपन रहेंगे? हमें अंदर से मिला है ऐसा अपडेट? सुना है अब पिछली जितनी भी बातें हुईं थी उनका हो गया है समाधान? शर्त बस यही है कि केवल संडे को या फिर सरकारी छुट्टियों वाले दिन ही करा पायेंगे वो अपने यहां पर प्रोग्राम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चल रही थी एमएलसी चुनाव की बैठक? बैठक में एक बहुत वरिष्ठ नेता ने अपने शब्दों से कुछ ऐसा कह दिया श्रीमान? जिसको सुनकर चाबी खोने वाले त्यागी जी के चेहरे पर तो दिखाई दे रही थी मुस्कुराहट? मगर इन शब्दों को सुनकर बिरादरी के बाकी के ब्रदर दिख रहे थे परेशान? वरिष्ठ नेता ने था चाबी खोने वालों को महामंत्री कह कर पुकारा? जब उनसे किसी ने इस बात की वजह पूछी, तो वो बोले मैं जो बोलता हूं सच बोलता हूं? होना यही है, समझ जाओ आप मेरा इशारा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बैठक में अति वरिष्ठ नेता मार रहे थे फ्रंट फुट पर आकर शॉट? सुना है आज भी उनके बल्लेबाजी में वही पुरानी धार है? भले ही कोई मारे कितनी ही फुलटॉस? उन्होंने दे दिया है मौके पर ऐसा पैगाम? जिसे सुनकर तिकड़ी के दुकड़े हैं बहुत ज्यादा परेशान? उन्होंने अपने शब्दों में सुनाया ये तराना? कहा जिनके घर पर और जिनके द्वारा ये बैठक हुई है? उनका मुश्किल है कुछ हो पाना? सुना है लाईन पार पर चला गया है ये तीर? ना जाने इसे कैसे झेलेंगे ये दोनों भगवा वीर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप अगर हमारी बात पर दोगे बारीकी से ध्यान? तो किसी ने पूरे संतोष से बनाया है किसी को बड़ा मैसेज देने का प्लान? आप देखोगे तो आज बड़े वाले चीफ गेस्ट करेंगे कमांडर के यहां पर पूरे प्रताप से पौधारोपण? बड़े दिल वाले विधायक के यहां पर रहेगा महादान वाला प्रोग्राम? इसके बाद हॉस्पिटल में होगा कमरों का उद्घाटन? पूरी बारीकी से तैयार हुआ है प्रोग्राम? अब आप देखो इन प्रोग्राम में आपको कहीं दिख रहा है हैवीवेट वालों का किरदार? हम कह रहे हैं प्रोग्राम बनाने वाले बहुत शॉर्प हैं? वो ऐसे ही करते हैं वार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर वाली विधानसभा के दो भगवा कमिश्नर कुछ ज्यादा ही हो गये हैं कमांडर पर फिदा? सुना है जिस दिन था बर्थडे सेलीब्रेशन वाला प्रोग्राम? उस दिन उन्होंने एमएलसी वाली मीटिंग से खुद को कर लिया जुदा? सूचना मिलने के बावजूद दोनों ने कर दी पूरी ताकत से ना? कह दिया हमारी जहां चाहत है, हम रहेंगे वहां? कहने वाले ने कहा धर्मेन्द्र की ताकत से दिख रही है महिमा अपार? हमने इतना नहीं देखा कभी मामला आर और पार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# पार्षद प्रीति जैन ने उठाई यातायात समस्या की मांग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 99 वैभव खंड में अवैध रूप से खड़े ई-रिक्शा एवं ऑटो के कारण हो रही यातायात समस्या के संबंध में पार्षद प्रीति जैन ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक) को पत्र लिखा है। उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। पार्षद प्रीति जैन ने अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया है, जिसमें ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों को निर्धारित पार्किंग क्षेत्रों का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया जाए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है, ताकि यातायात सुचारू रूप से संचालित हो। पार्षद प्रीति जैन ने नियमित चेकिंग अभियान चलाकर अवैध रूप से खड़े वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने नगर निगम एवं ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एक व्यवस्थित स्टैंड की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है, ताकि अनियंत्रित पार्किंग रोकी जा सके। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक) ने पार्षद प्रीति जैन के पत्र पर संज्ञान लिया है और आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि इस समस्या का समाधान कितनी जल्दी और प्रभावी ढंग से किया जाता है। वार्ड 99 वैभव खंड में अवैध रूप से खड़े ई-रिक्शा एवं ऑटो के कारण हो रही यातायात समस्या के समाधान के लिए पार्षद प्रीति जैन के प्रयासों से उम्मीद है कि इस समस्या का समाधान जल्द ही होगा और क्षेत्र के निवासियों को राहत मिलेगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आज भाजपा कार्यकर्ता करेंगे रक्तदान: मयंक गोयल








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा महानगर संगठन के तत्वावधान में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। भाजपा महानगर संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा का संदेश देगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से आज यानी 17 सितंबर को भाजपा महानगर संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जिला सरकारी अस्पताल एमएमजी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एमएमजी अस्पताल में भाजपा महानगर संगठन के तत्वावधान में भाजपा कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे। यह रक्तदान शिविर सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होगा। इसके अलावा जिला मुख्यालय में विकास भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवनवृत्त पर आधारित होगा। आज ही शाम को चार बजे भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के संयोजन में हिंडन पार में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### 20 हजार युवा दौड़ेंगे नमो मैराथन रेस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर कार्यक्रमों की एक पूरी सिरीज चल रही है। सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है और इसी कड़ी में युवाओं तक एक संदेश देने के लिये नमो मैराथन का आयोजन किया गया है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि नमो मैराथन 21 तारीख को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 20 हजार युवा नमो मैराथन रेस में दौड़ेंगे। इसके लिये 16 हजार युवा पहले ही अपना पंजीकरण करा चुके हैं और पंजीकरण जारी है। केडब्ल्यू-6 मॉल से नमो मैराथन रेस सुबह छह बजे शुरू होगी और यह रीवर हाइट से होते हुए विभिन्न रास्तों से गुजरते हुए वापस केडब्ल्य-6 मॉल पर ही समाप्त होगी। इस रेस में भाग लेने वाले युवाओं को टी-शर्ट और कैप दी जाएगी। नमो मैराथन रेस के जरिये युवाओं में राष्ट्रसेवा का संदेश दिया जायेगा।

## गाजियाबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

# मुस्कान हॉट डॉग का पंजीकरण आंशिक रूप से निलंबित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खाद्य सुरक्षा विभाग गाज़ियाबाद ने कविनगर ब्लॉक-सी मार्केट स्थित प्रतिष्ठान मुस्कान हॉट डॉग के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करते हुए उसका पंजीकरण आंशिक रूप से निलंबित कर दिया है। यह कदम 25 जनवरी 2025 को की गई प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान लिए गए नमूनों की रिपोर्ट में गड़बड़ी पाए जाने के बाद उठाया गया।

खाद्य कारोबार संचालक को निर्देश दिए गए हैं कि वह 15 दिनों के भीतर आवश्यक सुधार कर अपनी आख्या विभाग में प्रस्तुत करे, अन्यथा और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**विभाग का सख़्त संदेश :** खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि खानेझपीने की वस्तुओं में मिलावट और प्रतिबंधित रसायनों के इस्तेमाल को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई उन सभी कारोबारियों के लिए चेतावनी है जो जनता की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। इस कार्रवाई का नेतृत्व अरविंद कुमार यादव, सहायक खाद्य ग्रेडझ्क्क्, खाद्य सुरक्षा विभाग गाज़ियाबाद ने किया।

### जांच रिपोर्ट में सामने आया

- बर्गर मसाला में प्रतिबंधित रंग सूडान –II,
- बर्गर में प्रतिबंधित रंग बटर येलो,
- और पनीर में विजातीय वसा पाई गई।

इन्हें खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार असुरक्षित घोषित किया गया है।

# बाबा की पुलिस ने भी खोज निकाली चोरी की भैंस, दो आरोपी गिरफ्तार

## भोजपुर थाना क्षेत्र का मामला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी की सरकार में आजम खान की भैंस पुलिस ने खोजने का काम किया था तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना भोजपुर क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई भैंस बरामद की है।

### अभियुक्तों का खुलासा

**करंट क्राइम :** पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने भैंस को गांव के ही गौरव के घेर से रात में मौका पाकर चोरी की थी और उसे बेचने की फिराक में निकले थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक, फिलहाल अभियुक्तों के खिलाफ एक अभियोग पंजीकृत है और इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। आगे की विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### 24 घंटे के भीतर पुलिस ने किया खुलासा

**करंट क्राइम :** मामला 15 सितंबर का है, जब भोजपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर उसकी भैंस चोरी करके ले गए हैं। इस पर थाना भोजपुर में धारा 305 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में शामिल अभियुक्त इरफान उर्फ जुनैद (19 वर्ष) और शाकिर (21 वर्ष) दोनों निवासी ग्राम मुकीमपुर थाना भोजपुर, को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से चोरी की गई एक जिंदा भैंस बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की भी वृद्धि की गई है।

# पुलिस कमिश्नर की पहल रंग लाई, 21 परिवारों में लौटी खुशियां






### छह नाबालिकों को भी खोजा गया

**करंट क्राइम :** इस अभियान में पुलिस ने विशेष रूप से महिला और बाल सुरक्षा को प्राथमिकता दी। अभियान के दौरान बरामद किए गए व्यक्तियों में 6 नाबालिग (बालक और बालिकाएं) और 9 महिलाएं शामिल रहीं। सभी को नियमानुसार उनके परिवारों के हवाले कर दिया गया।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड की सक्रिय पुलिसिंग का एक और असरदार नजारा सामने आया है। पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 15 सितम्बर तक चलाए गए विशेष अभियान में 21 गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिलवाया गया। इस कामयाबी से 21 परिवारों में खुशियों की वापसी हुई है। इन परिवारों ने पुलिस को भी धन्यवाद दिया है।

### मॉनिटरिंग से लेकर सोशल मीडिया पर ली पुलिस ने मदद

**करंट क्राइम :** पुलिस के अनुसार, इन मामलों में कई लोग घर से नाराज होकर चले गए थे, जबकि कुछ अन्य लोग रोजगार या निजी कारणों से अचानक शहर छोड़ गए थे। पुलिस टीमों ने न सिर्फ तकनीकी संसाधनों जैसे सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल ट्रैकिंग और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग का सहारा लिया, बल्कि स्थानीय सूचना तंत्र, बीट पुलिसिंग और सामुदायिक सहयोग को भी अभियान से जोड़ा। इसके साथ ही, कई मामलों में काउंसलिंग के जरिए गुमशुदा व्यक्तियों और उनके परिजनों के बीच विश्वास कायम करते हुए उन्हें दोबारा मिलाने का कार्य किया गया।

### आगे भी जारी रहेगा इस प्रकार का अभियान : कमिश्नर



**करंट क्राइम :** पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि गुमशुदा व्यक्तियों से संबंधित प्रकरणों की त्वरित समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस दौरान थाना प्रभारियों और संबंधित अधिकारियों ने पूरी तत्परता के साथ काम किया और इसका नतीजा यह रहा कि अलग-अलग स्थानों से गुमशुदा व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी संभव हो सकी। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस की इस पहल ने न केवल गुमशुदा लोगों को उनके परिवार से मिलवाया बल्कि समाज में सुरक्षा और भरोसे की भावना को भी मजबूत किया।

पुलिस कमिश्नर का कहना है कि आगे इस तरीके के अभियान जारी रहेंगे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।